

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

8 पेज

पेज 7



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 77 | ग्वालियर रविवार, 25 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### रोनावायस की दस्तक! प्रवासी भारतीय सम्मेलन से शिवराज सरकार की बढ़ी चिंता




पहले इंदौर में एक बार फिर कोरोना वायरसने दस्तक दे दी है. करीब एक माह बाद कोरोना का नया मरीज मिला है. शुक्रवार को रेंडमली 152 लोगों की कोरोना जांच के लिए सैंपल लिए गए थे.स्वास्थ्य विभाग की तरफ से रोजाना जारी किए जाने वाले मेडिकल बुलेटिन में एक मरीज की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. कोरोना संक्रमण का पहला मामला मिलने के बाद शिवराज सरकार की चिंता बढ़ गई है. जनवरी माह में प्रवासी भारतीय सम्मेलन होने जा रहा है.

**प्रवासी भारतीय सम्मेलन से पहले कोरोना की दस्तक**–सम्मेलन में 60 देशों के 6000 से ज्यादा नागरिक शामिल होने वाले हैं. ऐसे में कोरोना संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही है. इंदौर स्वास्थ्य विभाग कोरोना महामारी से लड़ने के लिए तैयारी का दावा करता है. स्वास्थ्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी बी एस सेतिया ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर पर्याप्त सुविधाएं मौजूद हैं. कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी देखी गई थीअब ऑक्सीजन प्लांट लगने से कमी दूर कर ली गई है. दवाई, सेनेटाइजर, मास्क, पीपीई किट भी पर्याप्त मात्रा में हैं और जरूरत की पूर्ति के लिए ब्लॉक स्तर पर सप्लाई किया जा रहा है.

**जांच के लिए रेंडमली 152 सैंपल में एक पॉजिटिव**–शहर में 12 सेंटर पर कोवैक्सीन के डोज लगाए जा रहे हैं. कोविशील्ड की वैक्सीन अभी उपलब्ध नहीं हैं. उम्मीद है आने वाले दिनों में वैक्सीन की खेप भी आ जाएगी. फिलहाल 100 से 150 लोगों का रोजाना सैंपल लिया जा रहा था. अब स्थिति को देखते हुए प्रतिदिन 4 से 5 हजार तक सैंपल लिया जाएगा. मंशा है कि जल्द से जल्द कोरोना पॉजिटिव मरीज की पहचान की जा सके. मध्यप्रदेश का इंदौर शहर महामारी की पहली और दूसरी लहर में कोरोना का एपिसेंटर रहा था.काफी समय से दवा किया जा रहा था कि इंदौर शहर कोरोना मुक्त हो चुका है. एक बार फिर कोरोना की आमद शहर में हो गई है. शुक्रवार को एक मरीज कोरोना संक्रमित पाया गया है. इंदौर जिले में महामारी की दोनों लहरों के दौरान कुल 1469 लोगों की जान जा चुकी है. जनवरी माह में प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर सम्मिट जैसे विशाल आयोजन होने हैं. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी शामिल होने वाले हैं.

### कैलाश विजयवर्गीय बोले- भोपाल में दिख रहा टुकड़े-टुकड़े गैंग का असर, सबक सिखाना जरूरी



राजधानी भोपाल में देश की टुकड़े-टुकड़े गैंग का असर दिखने लगा है. यह गैंग अब भोपाल में अपना प्रभाव बढ़ाता जा रहा है. यह बात बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने राजधानी भोपाल में आयोजित नवदुर्गा, गणेशोत्सव और रावण दहन समिति के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही.

**धार्मिक आयोजनों का बड़े स्तर पर होना जरुरी**–विजयवर्गीय ने कहा कि राजधानी भोपाल में धार्मिक आयोजनों का बड़े स्तर पर होना जरुरी है. साथ ही समितियों का उत्साह वर्धन करना भी जरुरी है. उन्होंने कहा कि अब भोपाल में देश के टुकड़े-टुकड़े वाली गैंग का असर भी दिखने लगा है. कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पुराने भोपाल के हालात देखता हूं तो मुझे बहुत गुस्सा आता है. मैं जब भोपाल में युवा मोर्चा में काम करता था तो हमारा कार्यालय भोपाल में था.

### मध्य प्रदेश कांग्रेस को तगड़ा झटका इस पूर्व विधायक ने छोड़ा हाथ का साथ, थामा वीजेपी का दामन



मध्य प्रदेश में कांग्रेस को एक और झटका लगा है. कांग्रेस नेता एवं सागर जिले की देवरी विधानसभा से विधायक रह चुके बृज बिहारी पटेरिया ने कांग्रेस छोड़ दी और शनिवार को बीजेपी में शामिल हो गए. सीएम शिवराज सिंह के सामने बृज बिहारी पटेरिया को कद्दावर नेता भूपेंद्र सिंह ने बीजेपी की सदस्यता दिलाई.बुंदेलखंड अंचल से एक और कांग्रेस नेता के टूटकर बीजेपी में शामिल होने की घटना को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. कुछ महीने पहले सागर जिले के ही खुरई के पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे ने भी कांग्रेस छोड़ दी है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिहं चौहान, भूपेंद्र सिंह और वीडी शर्मा समेत अन्य बीजेपी नेताओं ने पटेरिया को बधाई दी है.

### चीन से निकलेंगे कोरोना के नए वेरिएंट...घबराने की जरूरत नहीं, सावधानी बरतें- एक्सपर्ट



चीन में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन में रोजाना लाखों कोरोना पॉजिटिव केस सामने आ रहे हैं. वहीं मृतकों की संख्या भी तेजी से ऊपर जा रही है. इस सबके बीच टाटा इंस्टीट्यूट फॉर जेनेटिक्स एंड सोसाइटी (बेंगलुरु) के एक शीर्ष वैज्ञानिक ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय लोगों में हाइब्रिड इम्युनिटी है

## कोरोना के खतरे के बीच 32 हजार संविदाकर्मी हड़ताल पर

# शिवराज सरकार की सबसे बढ़ीं मुश्किलें

देश में कोरोना के नए वैरिएंट की आहट के साथ ही मध्य प्रदेश की सरकार पूरी तरह से अलर्ट हो गई है. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महामारी को लेकर समीक्षा बैठक के बाद जिला कलेक्टरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं. प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी एक दिन पहले राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था.इस बीच प्रदेश सरकार के समक्ष एक बड़ा संकट उठ खड़ा हुआ है? कि कोरोना महामारी में लगातार दो साल तक संकट मोचक की भूमिका में रहे प्रदेश के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर है. ऐसे में कोरोना महामारी बढ़ती है तो मध्य प्रदेश सरकार इस समस्या से किस तरह निपटेगी, यह बड़ी चुनौती है.इस बारे में प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा है कि कर्मचारियों से बातचीत के जरिए समस्या का सामघान निकालन का काम जारी है.

**कोरोनाकर्मियों ने लगाए अनदेखी के आरोप** – मध्य प्रदेश में 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमिति सहित अन्य मांगों लेकर हड़ताल पर है. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल का आज शनिवार को दसवां दिन है. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी जिद पर अड़े हैं. संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान व परिवार की चिंता किए गए बगैर भरपूर मेहनत की थी. मध्य प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य का खास ध्यान रखा था. लोग अपने घरों में कैद थे और हम लोग अपनी जान की परवाह किए गए बगैर फिल्ड व अस्पतालों में तैनात थे. इतना सब करने के बावजूद भी प्रदेश सरकार हमारी अनदेखी कर रही है.



**मांग पूरी होने तक जारी रहेगा हड़ताल** –अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने एबीपी न्यूज से बातचीत करते हुए बताया कि हमारी मांग जब तक पूरी नहीं होगी हम यहां से नहीं हटेंगे. आज हड़ताल का दसवां दिन है. मामा को भी यह चीज समझना चाहिए. कोरोना अगर आ रहा है तो हमारी जो नियमितिकरण की मांग है उसे पूरी क्यों नहीं कर रहें. मामा जी को अच्छे से पता है कि कोरोना संक्रमण काल में हमने कितनी मेहनत की थी. हमारी मांग पूरी होते ही हम हड़ताल खत्म करें देंगे. 32 हजार कर्मचारी पूरे मध्य प्रदेश में हड़ताल पर है.

**ये हैं कि स्वास्थ्यकर्मियों की मांगें**–एमपी में आंदोलनरत स्वास्थ्यकर्मियों की जो मांगे हैं उनमें विभागों में सीधी भर्ती के जरिए पदों को भरा जाए. आउटसोर्स और रोगी कल्याण समिति में कार्यरत कर्मचारियों को रिक्त पदों पर सरकार समायोजित करे. पुरानी पेंशन बहाल की जाए. नर्सिंग ऑफिसर को ग्रेड टू वेतनमान दिया जाए. चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्वशासी में कार्यरत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ 2016 से दिया जाए. तमाम मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर को तीन और चार वेतन वृद्धि दी जाए. सीधी भर्ती में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को परिवीक्षा अवधि में 70-80-90 प्रतिशत वेतन की व्यवस्था समाप्त की जाए. नर्सेस और पैरामेडिकल स्टॉफ को रात्रिकालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता दिया जाए.

**कांग्रेस हड़ताली कर्मचारियों के साथ**–बता दें कि एमपी में 2023 में विधानसभा चुनाव होना है. चुनावी साल को देखते हुए ही आंदोलनरत संविदा स्वास्थ्यकर्मचारियों को कांग्रेस ने अपना समर्थन दे दिया है. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित अनेक नेताओं ने संविदा स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल स्थल पहुंचकर उन्हें अपना समर्थन देने की बात कही है. उनसे कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आती है तो उन्हें नियमित किया जाएगा.

## चुनावी रंजिश में युवक की जीप से कुचलकर हत्या,बीजेपी नेता समेत 8 लोगों पर मामला दर्ज

सागर में बर्बरतापूर्ण तरीके से युवक की हत्या का मामला सामने आया है. निकाय चुनाव की रंजिश में थार जीप से कुचलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया गया. हत्या का आरोप बीजेपी नेता और परिजनों पर लगा है. वारदात का खौफनाक वीडियो सामने आया है. पुलिस ने बीजेपी नेता सहित 8 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है.घटना से आक्रोशित यादव समाज ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया. उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और होटल पर कार्रवाई की मांग की. सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए. पुलिस ने होटल को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया.



**चुनावी रंजिश में जीप से कुचलकर युवक की हत्या**–मिली जानकारी के अनुसार कोरेगांव निवासी 30 वर्षीय जगदीश उर्फ जग्गू पिता पूरन यादव गुरुवार-शुक्रवार की रात सोनू यादव की डेयरी पर कार उठाने गया था. बताया जाता है कि इसी दौरान जगदीश का बीजेपी नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि मिश्रीचंद गुप्ता के परिजनों से विवाद हो गया. दोनों पक्षों में जमकर झड़प हुई. बीजेपी नेता मिश्रीचंद गुप्ता के पक्ष ने जगदीश यादव पर लाठी और हथियार से धावा बोल दिया. सूचना मिलने पर सोनू यादव भी पहुंचा. बताया जाता है कि सोनू यादव के साथ भी मारपीट की गई. बीजेपी नेता मिश्रीचंद गुप्ता के लोगों ने थार जीप चढ़ा दी.

### खेलते-खेलते नदी में डूबे दो मासूम, 7 साल के अमित और 5 साल के प्रांशु की मौत



मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में दो बच्चों की एक नदी में डूबने से मौत हो गई. यह घटना शुक्रवार शाम को छतरपुर से 140 किलोमीटर दूर बछोंन चौकी क्षेत्र में उर्मिल नदी में हुई. बछोंन चौकी प्रभारी सुरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मृतकों की पहचान अमित यादव (7) और प्रांशु साहू (5) के रूप में की गई है. वे पंचमनगर गांव के रहने वाले थे.चौकी प्रभारी सुरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अमित और प्रांशु अपने खेत में खेलते-खेलते पास ही में स्थित नदी में चले गए,

### मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के 8 जजों का तबादला, 2 जनवरी से नई बेंच में करेंगे कामकाज



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के 8 न्यायाधीशों का तबादला किया गया है. मुख्य पीठ जबलपुर में 4 न्यायाधीशों की पोस्टिंग की गई है. इसी तरह ग्वालियर में दो और इंदौर में एक जज की पदस्थापना की गई है. सभी न्यायाधीश शीतकालीन अवकाश के बाद 02 जानवरी 2023 से अपनी पदस्थापना वाले उच्च न्यायालय की बेंचों में बैठेंगे.मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ ने कामकाज की नई व्यवस्था के तहत जस्टिस अतुल श्रीधरन को जबलपुर से ग्वालियर, जस्टिस एस ए धर्माधिकारी को जबलपुर से इंदौर, जस्टिस आनंद पाठक को ग्वालियर से जबलपुर, जस्टिस जी एस अहलूवालिया को ग्वालियर से जबलपुर, जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह को इंदौर से ग्वालियर, जस्टिस राजेंद्र कुमार वर्मा को इंदौर से जबलपुर, जस्टिस अमरनाथ केसरवानी को इंदौर से जबलपुर और जस्टिस पी सी गुप्ता को जबलपुर से इंदौर बेंच में स्थानांतरित किया है.

### टॉयलेट की बजाय गलती से खोल दिया चलती ट्रेन का दरवाजा, गिरने से बुजुर्ग की मौत!



मध्य प्रदेश के इंदौर में चलती ट्रेन से गिरकर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक महिला ने गलती से टॉयलेट की बजाय ट्रेन का मेन गेट खोल दिया था. यह घटना गुरुवार रात में घटी. केसरबाई के रूप में हुई मृतका की पहचान-मामला खंडवा के बागमार स्टेशन के निकट रात करीब 11.30 बजे का है. सब इंस्पेक्टर रनबीर सिंह ने क्षत-विक्षत शव को बरामद कर लिया. शुरुआत में शव की शिनाख्त नहीं हो सकी, बाद में हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस ने स्टेशन मास्टर को दी. इसके बाद शुक्रवार सुबह मृतक महिला की पहचान विदिशा की कुरवाई की रहने वाली जमुना प्रसाद की पत्नी केसरबाई के रूप में हुई है.

परिजनों को बिना बताए टॉयलेट के लिए चल दी महिला-पुलिस ने कहा कि मृतक महिला कामायनी एक्सप्रेस से अपने परिवार के साथ भोपाल से जलगांव जा रही थी. यात्रा के दौरान महिला रात में शौच जाने के लिए उठी. घर वालों को बिना बताए महिला चल दी और उसने शौचालय का गेट खोलने के बजाय गलती से चलती ट्रेन का मेन गेट खोल दिया. गेट खोलते ही महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गयी. शुक्रवार शाम पोस्टमॉर्टम के बाद उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया.

थेनी में सड़क हादसे में 8 श्रद्धालुओं की मौत-वहीं एक दिन पहले तमिलनाडु के थेनी जिले के कुमिली मांउटेन के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया था. सबरीमाला मंदिर से दर्शन कर लौट रहे आठ श्रद्धालुओं की एक कार हादसे में मौत गई. कार 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी थी. सभी यात्री थेनी-एंडिपेट्टी के रहने वाले थे. जिला कलेक्टर केवी मुरलीधरन ने बताया करीब 10 लोग एक कार में सबरीमाला मंदिर से दर्शन करने के बाद लौट रहे थे. उस वक्त ड्राइवर ने वाहन पर अपना कंट्रोल खो दिया और गाड़ी मांउटेन से टकराने के बाद 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी. जिला कलेक्टर के मुताबिक, 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

### एसटी के साथ अब एससी को साधने में जुटी बीजेपी, फरवरी से विधानसभा वार होगा मोर्चों का सम्मेलन

मध्य प्रदेश में अब तक आदिवासी ( स्त्र ) वर्ग पर अपना फोकस कर रही भारतीय जनता पार्टी ( ब्ध्क्क ) ने अब अपना रुख अनुसूचित जाति ( स्ष्ट ) वर्ग की ओर मुड़ मोड़ दिया है. यही वजह है कि फरवरी महीने से बीजेपी विधानसभा वार अनुसूचित जाति वर्ग के सम्मेलन आयोजित करने जा रही है. साथ ही बीजेपी आलाकमान की नजर प्रदेश की हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर भी है. दरअसल, एमपी में साल 2023में विधानसभा के चुनाव होना है.आगामी चुनाव को भाजपा मिशन 2023 के रूप में देख रही है.

**14.98 प्रतिशत है एससी की आबादी**–मध्य प्रदेश में राजनीतिक दलों के सर्वे के मुताबिक 14.98 प्रतिशत अनुसूचित जाति वर्ग की आबादी है.जबकि मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 35 सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है. फिलहाल 20 सीटों पर बीजेपी का कब्जा है. प्रदेश सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति वर्ग की आबादी तराना विधानसभा में है. यहां 30.33 प्रतिशत एससी वर्ग की आबादी है जबकि आष्टा में 29.61, घट्टिया में 30.12, नरियावली में 25.52, बीना में 23.25 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति वर्ग की ह

## इंदौर में मासूम बच्चे से रेप! बिजली ठीक करने आए इलेक्ट्रीशियन ने दिया वारदात को अंजाम, गिरफ्तार

**इंदौर।** में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक घर में लाइट सुधारने आए इलेक्ट्रीशियन पर आरोप लगा है कि उसने घर के एक मासूम बच्चे को अपनी हवस का शिकार बना लिया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

**इंदौर में अब लड़के भी नहीं सुरक्षित**–इंदौर में महिलाएं और बच्चियां तो दूर लड़के भी सुरक्षित नहीं हैं. ताजा मामला इसकी बानगी है, जिसमें एक घर में काम करने आए एक इलेक्ट्रीशियन ने घर के एक बच्चे को अपनी हवस का शिकार बना लिया. परिवारजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**–दरअसल, बालक-बालिकाओं तथा महिलाओं के साथ हो रहे घिनौने अपराधों पर नकेल कसने के लिये पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र द्वारा प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. इसी क्रम में थाना चंदन नगर क्षेत्र में हुए मासूम से कुकम के अपराध के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.



**मौका पाकर आरोपी ने दिया कुकर्म को अंजाम**–चंदन नगर थाना प्रभारी अभय नेमा ने बताया की कुकर्म का पूरा मामला इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र के हम्माल कालोनी का है, उन्होंने बताया कि एक परिवार ने सोहेल नामक इलेक्ट्रीशियन को बिजली ठीक करने के लिए बुलाया था. उसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर और घर में मौजूद बच्चे को अकेला देख उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया और डरा धमकाकर फरार हो गया.इसके बाद पीड़ित बच्चे ने तत्काल थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक्शन लिया और चंदन नगर में रहने वाले शकील के बेटे आरोपी सोहेल को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है.

# वक्त से पहले गुडबाय मत कहने दो

कल गुडबाय फिल्म देखी तो मन में बहुत सारे सवाल उठे, कि कैसे कोई एक किरदार परिवार को एकजुट रखने के लिए खुद नष्ट हो जाता है। और उसके जाने के बाद ही वो बात समझ में आती है कि वह व्यक्ति कितना जरूरी था। हर घर में एक जिम्मेदार व्यक्ति ऐसा होता है जो पूरे परिवार को सहजकर रखने की हर मुमकिन कोशिश करता है। चुपचाप सबको जोड़कर रखने की जद्दोजहद करते अपनों के वाग्बाण भी सह लेता है। घर का बुजुर्ग परिवार में हो रही अनबन पर पर्दा ड़ालते रिश्तों को समाधान से अटूट रखना सीखाता है। घर की जिम्मेदारी खुद तक सीमित रखकर परिवार को आज़ाद गगन में उड़ने का मौका देता है। वह कोई भी हो सकता है, माता-पिता, दादा-दादी या तो घर का बड़ा बेटा या, बेटी जिनकी एकमात्र कोशिश रहती है संयुक्त परिवार को जोड़कर रखने की और इसी जद्दोजहद का बोझ कभी-कभी उसकी जान तक ले लेता है। गुडबाय फ़िल्म की पटकथा कुछ इसी विषय को लेकर लिखी गई है। घर के सारे मेम्बर्स अपना फ़स्ट्रेशन उस एक व्यक्ति पर निकालते रहते है और वह व्यक्ति सारी परिस्थितियों का सामना करते दर्द को पीते अपने भीतर सब दफ़न कर लेता है। ज़्यादातर वो व्यक्ति हर घर की नींव समान और परिवार के स्तंभ समान माँ ही होती है। माँ दो पीढ़ी को जोड़कर रखने वाला सेतु होती है, उसे समझदार बनना पड़ता है। अगर घर में सास-ससुर है तो उनके दकियानुसी



विचार से जब आजकल के बच्चों के विचार टकराते है तब बीच वाली पीड़ी को न्यायधीश बनते सबकी नज़र में बुरा बनना पड़ता है। शीत युद्ध कहीं महायुद्ध न बन जाए उस परिस्थिति को संभालने में और घर के बोझिल वातावरण को खुशनुमा रखने की कोशिश में उस औरत को अपने अंदर की कश्मकश से जूझना पड़ता है।

परिवार और रिश्तेदारों के जन्मदिन, लग्न दिवस से याद रखने के साथ-साथ हर व्यवहार को याद रखना और खाने के टेबल पर पूरे परिवार को एकसाथ डिनर या लंच पर समूह भोजन के लिए राज़ी करवाने की जिम्मेदारी निभाते; खाने में किसको क्या पसंद है वह सब याद रखना एक माँ के सिवा भला कौन कर सकता है पर जिस दिन वो व्यक्ति दुनिया छोड़कर चली जाती है तब....सच में घर में एक अंधकार और शून्यावकाश का साम्राज्य छा जाता है। कोई किसीको न समझाने वाला रहता है, न समाधान करवाने वाला रहता है। न ख़याल रखने वाला होता है, न हर परिस्थिति को अपने सीने पर झेलने वाला होता है।

पर एक बात तो है, जैसे हर चीज़ के दो पहलू होते है वैसे या तो उस व्यक्ति के जाने के बाद परिवार तितर-बितर हो जाता है या सारे लोग समझदार हो जाते है, यह सोचकर कि अब मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला चला गया सुधर जाते है। अगर समझ में आए तो एक व्यक्ति की मृत्यु बहुत कुछ सीखा जाती है । उस इंसान की खाली जगह कोई नहीं भर सकता, घर का एक हिस्सा हंमेशा उज़ड जाता है। एक कमी छोड़कर वह व्यक्ति अलविदा कह जाती है; पर क्या पीछे रह गए लोग उसके जाने के बाद भी उनके बारे में सोचते हैड़ बात-बात पर उनको याद करके उस कमी को महसूस करते हैड़ शायद कुछ दिन... आहिस्ता-आहिस्ता उस किरदार कि यादों पर धूल जम जाती है। इसलिए जीते जी उस इंसान की कद्र कर लो। कोई क्रिया मत करो उनके पीछे, बस उनके योगदान का चिंतन और मनन आपको विनम्र और समझदार बना देगा। उस व्यक्ति के जाने के बाद हर रोज़ तू तू मैं मैं करते मुँह फूलाने वाले परिवार के लोग एक दूसरे के कँधे पर सर रखकर सांत्वना दे रहे होते है। काश कि परिवार जनों की इतनी आत्मीयता मृतात्मा अपने जीते जी देख पाता, इतना बोझ लेकर अचानक अलविदा नहीं कर जाता।

परिवार की धुरी को अपने परिवार की एकता और अखंडता देखने के लिए तस्वीर पर लटकना पड़े उससे पहले मकान को घर बना ड़ालिए। आपके परिवार के स्तंभ को वक्त से पहले द्दशश्वस्र ड्ढ4द्ग कहने का मौका मत दीजिए। वक्त, वक्त पर परवाह के सरंजाम से उस सेतु की मरम्मत करते रहिए, वरना इमारत को ढ़हने से कोई नहीं बचा पाएगा।

## गुना जिले के श्रद्धालुओं ने की गिर्राज जी महराज की दंडवत परिक्रमा

रिपोर्टर-प्रतिश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे



**मधुसुदनगढ़/जामनेर।** गुना जिले के 300 लोगों द्वारा श्री गिरराज महाराज मथुरा की दंडवत परिक्रमा की जा रही है जो कि श्री श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित की गई है इसमें इंदौर कुंभराज उज्जैन जामनेर मधुसुदनगढ़ लटेरी भोपाल ब्यावरा चाचौड़ा बीनागंज गुना के दंडोती परिक्रमा करने बालों ने भाग लिया है यह परिक्रमा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है और सभी श्रद्धालु दंडवत परिक्रमा कर अपनी 21 किलोमीटर की श्री गिरिराज महाराज की परिक्रमा पूरी करते हैं वर्तमान समय में ऐसे श्रद्धालुओं द्वारा इतनी कठिन परिक्रमा करने से उन्हें नई ऊर्जा का संचार होता है और वह अपने आप को बड़ा धन्य समझते हैं और इसके लिए श्री गिरराज महाराज का आशीर्वाद समझते हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का दंडोती परिक्रमा करना धर्म के प्रति अपनी आस्था जताना है और सभी श्रद्धालु अपनी अपनी कामना श्री गिरिराज जी महाराज के पास लेकर जाते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है इसी विश्वास के साथ सभी लोग परिक्रमा करते हैं

# अतिक्रमण से संकरी हुई सड़कें,रोज लग रहा जामः जिम्मेदार अधिकारी मौन

शाजापुर। कालापीपल-नगर परिषद पानखेड़ी में अतिक्रमण से संकरी हुई सड़कें,सब्जी मंडी और प्याज मंडी के कारण नगर के मुख्य मार्ग पर रोज लग रहता जाम वही नगर परिषद की सड़कें अतिक्रमण से संकरी हो गई हैं।जहां पर सड़को



के ऊपर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान सजाई जाती है यदि देखा जाए तो नगर में सबसे ज्यादा रेडीमेड कपड़ों की दुकान,इलेक्ट्रिक दुकान वालों ने सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है। उसके बाद दुकानदार द्वारा फोर व्हीलर कार रोड पर खड़ी कर देते हैं।अतिक्रमण से आए दिन नगर में जाम लग रहता,राहगीरों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**सड़कों पर समान रखा रहता है**-रेलवे स्टेशन से लेकर तहसील चौराहे तक नगर में लोगों ने अपनी दुकानों का सामान स?कों पर रख रखा है।जिसमें पंचमुखी चौराहा,राजीव चौक,जैन मंदिर चौराहा,रेलवे स्टेशन चौराहा इन सब चौराहों पर दिनभर अतिक्रमण की भरमार रहती है। अधिकारी भी इसी मार्ग निकलते हैं,पर नगर परिषद के सीएमओ को नगर कि किसी भी बात से कोई लेना देना नहीं है। नगर के दुकानदार आधे से ज्यादा सामान रोड पर रखते हैं जिन से वाहनों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग से लेकर तहसील चौराहे तक का मार्ग अति व्यस्तम मार्ग है।जहां से वाहनों की अधिक आवाजाही होती है।जहां पर सड़को पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है।

**नो पार्किंग वाहनों से लगता है जाम**-दुकानदारों का अतिक्रमण व सड़क पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों से जाम की समस्या बनी रहती है।लोगों की मांग है कि नगर परिषद प्रशासन अतिक्रमण हटवाए,ताकि लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से निजात मिल सके। नगर परिषद पानखेड़ी की जब भी समाचार पत्र के माध्यम से अतिक्रमण कि खबर लगती है।वही नगर परिषद पानखेड़ी द्वारा नगर में मुनियादी करा कर भूल जाती है। नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की जहमत नहीं उठाती है। जबकि नगर परिषद प्रशासन के द्वारा दुकानदारों और व्यापारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम देती है।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करती है।

**चलाया अतिक्रमण**-नगर परिषद द्वारा कई बार नगर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई गई हमेशा की तरह चूने की लाइन डालकर...इतिश्री कर दी जाती है।

**मेन सड़कें बनी गली कुची जैसी**-नगर की सड़कें ऐसे तो 20 से 25 फीट चौड़ी है पर अतिक्रमणकारियों ने स?को को गलियों में तब्दील कर दिया है पहले तो सामग्री रखकर किया जाता था फिर धीरे-धीरे उसको अपने कब्जे में कर लेते हैं।

# रोटी और परांठे की आकृतियों से समझाया गणित को

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगाया गया आज गणित मेला ओर मनायी गयी गतितज्ञ रामानुजन की जयंती पिछोर के शिशु विद्या मंदिर में आज महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमे कक्षा 6 से लेकर 10 तक के भैया बहिनों ने गणित के विभिन्न मॉडल ओर रंगोली बनाई विशेष बात यह रही कि बर्त्त के आकार के लिए बहिनें पराठे ओर रोटियां बनाकर लायी ओर उन्हें मेले में रखा , छोटे छोटे भैया बहिनों ने गणित की आकृतियां जिसे गोला , बेलन , शंकु , त्रिभुज , पाई , प्लस माईनस आदि आकृतियां या तो मॉडल के रूप में प्रदर्शित कि या किसी न किसी खाद्य पदार्थ के रूप में बनाये जैसे त्रिभुज के रूप में समोसे को बनाकर लाया गया और बर्त्त के रूप में कचौड़ी को आयत के रूप में बर्फी बनायी गयी ऐसे अनेक मॉडल बहिनों ने बनाये कई तरह की गणतिये चित्र ओर मानक बनाये गए कुल मिलाकर आज शिशु मंदिर का यह गणित मेला नगर में चर्चा का विषय बना रहा। मुख्य कार्यक्रम का प्रारम्भ रामानुजन के चित्र पर दीप परजुवलित कर ओर पुष्प अर्पित कर प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य बकता ड्डह्ष्ठ पिछोर सुर्दशन गुप्ता थे जिन्होंने अपने भाषण में रामानुजन के जीवन के बारे में बतलाया कि किस तरह एक छोटे से बालक ने अपने से बड़ी उम्र के कॉलेज की छात्रों को कोचिंग दी और अपना नाम गणित की महान विभूति के रूप में रोशन किया। कार्यक्रम का संचालन कोमल सिंह दांगी ने किया और इस सारे गणित मेला की व्यवस्था गणित विषय के आचार्य शेलेन्द्र गुप्ता ओर सहयोगी



अजय भार्गव ने संभाली कार्यक्रम के बाद आभार व्यक्त प्राचार्य शिवकुमार तिवारी ने किया मुख्य मुख्य मॉडल स्वस्ति पाण्डेय, गुलशन जाटव, सक्षम गुप्ता, अमित गौर, सुगंधिम झा, आदि भैया बहिनों के द्वारा बनाये गए।

# भांडेर नगर में रामगढ़ रोड पर खुला शानदार कैफ़े सेल्फ़ी पॉइंट बनने के साथ, चाय पीने वालों की उमड़ी भीड़

बरका। नगर से 500 मीटर दूर रामगढ़ रोड तोमर बेयर हाउस के पास खुला बहुत शानदार चाय का केफ़े चाय पीने बालों की लगने लगी भीड़ जानकारी के अनुसार बता दे की भांडेर नगर से कुल 500 मीटर दूर रामगढ़ रोड पर ईवनिंग स्टार के नाम से केफ़े खुला जिसकी ओपनिंग 5 नवंबर को हुई थी जिसके बाद देखते ही देखते कै? पर कुछ ही समय में चाय पीने वालों और सेल्फ़ी खींचने वालों की भीड़ उमड़ने लगी वेसे वर्तमान में देखा जाये तो नगर में 2 केफ़े पहले से ही खुले हुए है और एक केफ़े खुलकर बंद भी हो चुका है। सबसे पहले जो केफ़े स्टेट बैंक के पास पबजी नाम से खुला था बो कुछ ही समय बाद अच्छा न चलने के कारण बंद हो गया जिसके ओनर सचिन प्रजापति थे नगर में केफ़े की शुरुवात सचिन प्रजापति ने पबजी नाम से की जिसके बाद देखते ही देखते नगर में 2 केफ़े और खुले जिसमे से एक केफ़े नीचे बाज़ार तलगैया स्टेशनरी के बग़ल में आयुष त्रिपाठी ने खोला उसके बाद सराफ़ा बाज़ार में शैलेंद्र धाकड ने खोला लेकिन दोनों केफ़े बाज़ार में होने के बावजूद अपनी मार्केटिंग नहीं बना पा रहे।




तत्पश्चात् एक केफ़े गोलू तोमर द्वारा इवनिंग स्टार के नाम से 5 नवम्बर को खोला गया जिसकी मार्केटिंग वर्तमान में सबसे अच्छी दिखाई दे रही है केफ़े का स्ट्रैक्चर इतना शानदार है की उसकी जितनी तारीफ़ की जाये उतनी कम है आमतोर पर ऐसा केफ़े भांडेर नगर से 30 और 50 किमी. की दूरी पर देखने को मिलते थे लेकिन अब भांडेर नगर में इवनिंग स्टार केफ़े बनने से रामगढ़ रॉड पर चार चाँद लग गये। वर्तमान में केफ़े पर तीन प्रकार की चाय और तीन प्रकार की कॉफ़ी के साथ साथ मेगी, पास्ता और मोमोस ही उपलब्ध है लेकिन आने वाले समय में पीज़ा, बर्गर, बिरयानी के साथ और भी आइटम जोड़े जाएँगे। चाय और कॉफी के रेट कम होने व केफ़े की सुंदरता के कारण लोगो की सेल्फ़ी खींचने के लिए पसंदीदा जगह बन चुकी है। नगर से भले ही थोड़ी दूरी पर स्तिथ है लेकिन जो भी बहा एक बार जाता है बो उस केफ़े की तारीफ़ किए बिना वापस नहीं आता है। नगर से दूर होने के कारण केफ़े में शांति देखने को मिलती है जो लोगो को बैठने पर और भी आकर्षित करती है। बातचीत करने के बाद पता चला कि लोगो के स्टैंडर्ड को देखते हुए और नगर में अच्छा केफ़े न होने के कारण इस केफ़े को खोला गया।




## 02 फरारी गिरफ्तारी वारंटी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे तथा सुश्री नगर पुलिस अधीक्षक निसा एडीजी के निर्देशन में आज कोतवाली पुलिस द्वारा 25 आर्म्स एक्ट में फरार आरोपी जितेंद्र जीतू पुत्र नंदराम जाटव निवासी भीम नगर कन्हवा रोड भिंड को भीम नगर तिराहा भिंड से तथा मनीष सिंह पुत्र हरि से भरे निवासी गोविंद नगर भिंड कोतवाली को गोविंद नगर से गिरफ्तार किया गया दोनों आरोपी 25 आर्म्स एक्ट में माननीय न्यायालय से बेल जंप कर फरार थे दोनो आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र शर्मा प्रधान आर अवधेश चौहान, प्रधान आर कमल बघेल, प्रधान आर दिलीप सविता, राजवीर भदोरिया, आर फूल सिंह की मुख्य भूमिका रही ।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालो की नहीं है खेर : थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र शर्मा

थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र शर्मा व कोतवाली बल द्वारा भ्रमण के दौरान आज शराब पीकर वाहन चलाने वालो के खिलाफ कार्यवाही पुरानी गल्ला मंडी के सामने एक महिंद्रा कंपनी का लाल रंग का बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक अत्याधिक शराब के नशे में ट्रैक्टर चला रहा था जो कभी भी ऐक्सिडेंट कर स्वयं का या किसी और के जान माल का नुकसान कर सकता था जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम जीतू जाटव पुत्र मातादीन जाटव उम्र 36 साल निवासी वार्ड नंबर 06 मेहगांव का होना बताया, तथा सिटी कोतवाली थाने के सामने एक चार पहिया गाड़ी टाटा आल्टोस ह्वश्च75द्य 1246 सहित मुनेन्द्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी नयागांव को शराब के नशे में धुत्त गाड़ी चलाते पकड़ा दोनो का मेडिकल परीक्षण करा ट्रैक्टर ट्रॉली व टाटा आल्टोस को जप्त कर इनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट कि धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई ।

# कलेक्टर ने अस्पताल का दौरा कर ऑक्सीजन प्लांट देखे



**श्योपुर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा आज जिला चिकित्सालय श्योपुर का भ्रमण कर ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्थाएं देखी तथा चिकित्सीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दियें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज गढवाल, सिविल सर्जन डॉ डीएस सिकरवार आदि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अस्पताल में आक्सीजन प्लांट के सुचारू संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सिविल सर्जन डॉ सिकरवार ने जानकारी दी कि सभी ऑक्सीजन प्लांट चालू हालत में है। इस दौरान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा अस्पताल में आईसीयू वार्डो, इमरजेन्सी वार्ड एवं बच्चों के लिए बनाये गये पीडियाट्रिक आईसीयू एवं वार्ड का अवलोकन भी किया। उन्होने अस्पताल परिसर में स्थित रैन बसेरे की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया।

# भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार 28 दिसंबर को आएंगे

## खिलते कमल कार्यक्रम में भाजयुमो कार्यकर्ता बूथ केंद्रों पर युवाओं को करें जागरूक देवेंद्र सिंह नरवरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 28 दिसंबर को भिंड आएंगे जिस दिन भाजयुमो के प्रमुख कार्यक्रम खिलते कमल कार्यक्रम के तहत युवाओं को संबोधित करेंगे उनके प्रथम नगर आगमन की तैयारी को लेकर भाजयुमो की महत्वपूर्ण बैठक भिंड सर्किट हाउस पर आयोजित की गई जिसमें ऐतिहासिक स्वागत एवं खिलते कमल कार्यक्रम को गति देने के लिए विचार विमर्श किया गया। भाजयुमो कि जिला बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा मिशन 2023 की तैयारी के लिए भिंड जिले के सभी 26 मंडलों में 1441 मतदान केंद्र पर भाजयुमो अपनी शक्ति को सुनामी में बदलने का कार्य करती हुई खिलते कमल अभियान के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा में युवाओं को जागरूक बनाएं और केंद्र और राज्य सरकार की विकास जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति को पहुंचा कर उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधार से जोड़ने का काम करें। युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भिंड जिला संगठन प्रभारी कुलदीप सिंह यादव ने कहा की युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार अपने प्रथम नगर आगमन पर ग्वालियर से भिंड जिला मुख्यालय 28 दिसंबर को पहुंच रहे हैं हम



सब कार्यकर्ता खिलते कमल के तहत इस कार्यक्रम को शहर के संस्कृति गार्डन में विशाल कार्यक्रम को अमलीजामा पहनाने के लिए प्राण पढ़ से जुटे और उनके प्रथम नगर आगमन को देखते हुए युवा कार्यकर्ता गर्व जोशीले के साथ स्वागत करें और और प्रत्येक विधानसभा से युवा भिंड पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के प्रथम नगर आगमन के तहत ग्वालियर से भिंड तक अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा ग्वालियर, मालनपुर, गोहद चौराहा,मेहगांव,बरही,लावन की पुलिया, से लेकर शहर के अनेक स्थानों पर ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा जिसकी आवश्यक तैयारियां जोर शोर से प्रारंभ कर दी गई है । बैठक का संचालन जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, आभार जिला महामंत्री धीरज चौधरी द्वारा किया गया बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। बैठक में भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों प्रिंस दुबे, अतुल पाठक,ओंमकार यादव, ह्रदेश पुरोहित, वैभव चतुर्वेदी, जनपद उपाध्यक्ष मयूर भदौरिया, सरजन नरवरिया,अंकित मिश्रा,अभिषेक मिश्रा,अंकित शर्मा,गोपाल सिंह राजावत आदि जिले के पदाधिकारी एवं मंडल के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे।

# मैरी क्रिसमस मनाने भव्य सज़ा लांजी का चर्च, होंगे विविध कार्यक्रम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



क्रिसमस या बड़ा दिन ईसा मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। जिसे क्रिस्चन धर्म के अनुयाई के अलावा अन्य लोग भी बड़ी उत्सुकता के साथ मनाते हैं। क्रिसमस डे पर एक दूसरे को उपहार देना, चर्च मे विभिन्न सजावट कर उत्सव का आयोजन, सजावट के प्रदर्शन मे क्रिसमस का पेड़, रंग बिरंगी रोशनियाँ, बंडा, जन्म के झाँकी और हॉली आदि क्रियाकलापों को शामिल कर कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। और सांता क्लॉज़ जो क्रिसमस पर बच्चों के लिए उपहार एवं चाकलेट लाकर बच्चों को देता है। यह बहुत ही रोचक त्यौहार है। वहीं इसी कड़ी में लांजी नगर में स्थित एकमात्र चर्च जिसे क्रिसमस डे मनाने के लिए भव्यता के साथ सजाया गया है। क्रिसमस डे के अवसर पर चर्च में प्रवचन , सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शासकीय सिविल अस्पताल लांजी में मरिजों को फल वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही कार्यक्रम के समापन अवसर पर सामूहिक भोजन रखा गया है। इस दौरान केक काटकर क्रिसमस डे मनाया जाएगा।

# ब्लोकचेन तकनीक- अगली पीढ़ी की क्रांति

### जीतो बैंगलुरु नार्थ द्वारा कार्यशाला

**पुष्पांजली टुडे**



**बेंगलुरू।** जीतो बैंगलुरु नार्थ द्वारा चामराजपेट स्थित कार्यालय में एक क्रांतिकारी तकनीक आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्मुख्य वक्ता के रूप में ब्लोकचेन तकनीक और क्रिप्टो मुद्रा पर कार्य करने वाले व मुंबई आधारित कंपनी कोइन स्विच कुबेर के काउंसलर आशीष चंद्रा ने उत्साही जीतो सदस्यों को ब्लोकचेन तकनीक से अवगत कराया। उन्होंने ब्लॉकचेन तकनीक के कार्य करने के तरीके, दुनिया भर में उसकी मांग, इस तकनीक का कार्यक्षेत्र इत्यादि विषयों का गहन विवरण दिया साथ ही उन्होंने समझाया कि कैसे आने वाले समय में यह तकनीक प्रत्येक क्षैत्र में उपयोगी सिद्ध होगी। जिस प्रकार से आज दुनिया भर में इस तकनीक का उपयोग होने लगा है उससे कहा जा सकता है कि यह तकनीक आने वाली पीढ़ी के लिये क्रांतिकारी होगी। उन्होंने ब्लोकचेन तकनीक का क्रिप्टो के साथ संबंध व प्रतिफल को भी विस्तारपूर्वक समझाया। सरल भाषा में उन्होंने बताया कि ब्लोकचेन तकनीक एक तरह का पक्का बहीखाता है। चंद्रा ने इस तकनीक के सरकारी सिमा व कराधान के बारे में भी बताया।नवकार मंत्र से प्रारंभ कार्यशाला में जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से नवीन जानकारी मिलने के अवसर प्राप्त होते है साथ ही उन्होंने कहा कि नार्थ चेप्टर नया होने के बावजूद भी सभी के सहयोग से सेवा कार्यों में निरंतर गतिशील है। इस अवसर पर केकेजी जोन अध्यक्ष अशोक सालेचा ने कहा कि बैंगलोर चेप्टरों के साथ ही जोन के छोटे चेप्टर भी बड़े कार्यों का निरंतर निष्पादन कर रहे है, ब्लोकचेन आयोजन पर उन्होंने कहा कि ऐसी अनभिज्ञ जानकारियाँ मिलने से उत्साह का संचार होता है। एपेक्स निदेशक व सीएफआई संयोजक हितेश पालरेचा ने जीतो एपेक्स सीएफआई द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी दी तथा कुछ नवीन योजनाओं का ब्योरा दिया। जोन सीएफआई संयोजक विजय मेहता ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।ब्लोकचेन संयोजक मुकेश सुराणा ने मुख्य वक्ता आशीष चंद्रा का विस्तृत परिचय दिया। एपेक्स, जोन व नार्थ पदाधिकारियों ने मुख्य वक्ता का सत्कार किया। इस अवसर पर उत्साही प्रतिभागियों के साथ-साथ एपेक्स निदेशक विनोद जैन व मनोज जैन, नार्थ उपाध्यक्ष प्रवीण शाह, राजेश मुथा, सिद्धार्थ बोहरा व सुभाष खीवेसरा, कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी, सचिव विमल कटारिया,कमल पुनमिया व सिद्धार्थ पटवा समिति सदस्य अमित कोठारी, राजकुमार सोलंकी, महेंद्र सोलंकी इत्यादि भी मौजूद थे। संचालन महामंत्री सुधीर गादिया ने किया। संयोजक नितिन कटारिया ने धन्यवाद दिया।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**उपभोक्ता की यही मांग सही तौल सही दाम**

भिण्ड । उपभोक्ताओं के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिये राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में किया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन खाद्य विभाग, नापतौल विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, गैस ऐजेन्सी, पेट्रोल पंप, जीवन बीमा निगम के साथ जागरुक उपभोक्ताओं के बीच किया गया।



सर्वप्रथम जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज वार्ष्णेय द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों व उपभोक्ता अधिकारों से संबधित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। नापतौल विभाग की ओर से श्रीमती निधि श्रीवास्तव द्वारा नापतौल अधिनियम के तहत दूध लेते समय नाप देखें, सिलेण्डर लेते समय उसका वजन अवश्य करायें, सब्जी लेते समय पत्थर के बांटों से न खरीदें, आटा पैकिंग लेते समय उसकी वजन की तौल आवश्यक करायें यदि वजन में किसी प्रकार की कमी पायी जाती है तो उपभोक्ता नापतौल विभाग में शिकायत कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती रीना बंसल द्वारा मिलावट के संबंध में जानकारी दी गई उनके द्वारा बताया गया कि दूध में पानी, यूरिया, डिटरजेन्ट आदि की मिलावट होने पर उसके प्राथमिक परीक्षण करने हेतु उपाय बताये गये, मशाले, काली मिर्च, चाय-पत्ती आदि खाद्यान्न वस्तु में प्रथम दृष्टया परीक्षण करने हेतु उपाय बताये गये। एलआईसी के प्रतिनिधि आशीष द्वारा बताया गया कि कोई भी उपभोक्ता एजेंट को प्रीमियम का भुगतान करें तो उसकी रशीद अवश्य लें और किसी भी उपभोक्ता के पास केवाईसी के संबंध में कोई फोन आता है और आपकी पॉलिसी की जानकारी मांगता है तो अपनी पॉलिसी संबंधित जानकारी किसी को भी ना दें। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील मुदगल द्वारा उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। पेट्रोल पंप ऐसोसियन की ओर से अमरीश गुप्ता द्वारा पेट्रोल व डीजल लेते समय उपभोक्ताओं को बरती जाने वाली सावधानियां व परीक्षण के संबंध में जानकारी दी गई।

# भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग, श्रीकृष्ण की रास लीला का किया वर्णन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**



**सिरोंज।** लिंक रोड स्थित श्याम बाटिका में गर्ग परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक पंडित गोपाल शर्मा ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान महेष चंद्र गर्ग पप्पू भैया ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रसंग में पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गजानन दरबार में आशीर्वाद प्राप्त कर किया मेला का शुभारंभः राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश नन्ना खंगार

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

क्षत्रिय खंगार समाज की कुलदेवी मां गजानंद के दरबार में आशीर्वाद प्राप्त कर किया मेले का शुभारंभ क्षत्रिय राजवंश खंगार समाज का आयोजन 27 दिसंबर 27/12/22 को गजानन दरबार गढ़कुंडार में आयोजित होना है जिसमें क्षत्रिय खंगार राजवंश के महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती मनाई जा रही है इसी क्रम में क्षत्रिय राजवंश खंगार समाज द्वारा मां गजानन दरबार में जाकर समस्त क्षत्रिय राजवंश खंगार ने भाग लिया और मां देवी गजानन के भजन कीर्तन इत्यादि संध्या सरगम की प्रस्तुति दी गई भक्तजनों ने मां दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया क्षत्रिय खंगार राजवंश के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार ने मां गजानन दरबार में पहुंचकर मां गजानन की आरती स्तुति कर कर मेले का शुभारंभ किया जिसमें समस्त क्षत्रिय खंगार राजवंश के क्षत्रिय राजवंश खंगार उपस्थित रहे मां गजानंद दरबार गढ़कुंडार राजवंश खंगार क्षत्रिय समाज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त राज्य वंश के क्षत्रियों से अनुरोध किया जाता है कि मां गजानन के दरबार में आकर मां का आशीर्वाद प्राप्त अवश्य करें और मेले का आनंद उठाएं सदियों से यह मेले का आयोजन महाराजा खेत सिंह खंगार राजवंश गढ़कुंडार में आयोजित किया जाता है एवं दिनांक 27 दिसंबर 2022 को महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास एवं धूमधाम से मनाई जाती है जिसमें समस्त क्षत्रिय समाज के महान क्षत्रिय राजवंश के आगमन गढ़कुंडार किले पर होते हैं और मां गजानन का दिव्य दरबार हमेशा की तरह लगा रहता है और लोगों की मनोकामना पूर्ण दिव्य दरबार मां गजानन का मनमोहक दरबार लोगों के लिए अपनी ओर खींचता है यही तो मां गजानन दरबार का चमत्कार है जो सदियों पुराना ऐतिहासिक प्राचीन दरबार चंद्र की समान गजानन दरबार चमकता है।

# चौकी हिम्मतपुर थाना 7000 की अवैध शराब जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में दिनांक 23/12/022 को थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में अवैध शराब विरोधी अभियान के अंतर्गत आज पिछोर पुलिस ने ग्राम देवगढ़ आरोपी की दुकान से एक प्लास्टिक की केन में 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब एवं दो कार्टूनों में 100 क्वार्टर देसी प्लेन मदिरा के कुल 18 बल्क लीटर शराब कुल शराब की कीमत 7000 हजार रुपए की आरोपी सगुन पुत्र इमरत पाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम देवगढ़ थाना पिछोर के कब्जे से जब्त की गई आरोपी के विरुद्ध थाना पर अपराध क्रमांक 760/22 धारा 34 (1),49 क आबकारी एक्ट का कायम किया गया अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

**उक्त कार्यवाही में**-थाना प्रभारी निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उनि, नितिन भार्गव, प्रधान आरक्षक प्रतिपाल चौहान, आरक्षक बृजेश जादौन, आरक्षक चालक, हरीश जाट , सैनिक राहुल भार्गव, सिरनाम सिंह , सैनिक राकेश प्रताप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौंती विद्यालय में विशाल बाल मेला का आयोजन किया गया

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**पिछोर ,भौती।** छोटे-छोटे बच्चों ने इस मेला में अपनी सहभागिता निभाई और इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। आपको बता दें कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौंती के छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालय में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्री रामानुजन की जयंती के उपलक्ष में बाल मेला का आयोजन किया । सभी बच्चों ने अपनी अपनी योग्यता अनुसार बाल मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस विद्यालय के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजय प्रताप गुप्ता जी, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री उमेश अग्रवाल जी उपस्थित हुए। अतः विद्यालयीन समिति के अध्यक्ष श्री अजीत जी जैन, एवं व्यवस्थापक श्री विवेक जी कंथरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के प्राचार्य श्री विवेक जी भट्ट, एवं समस्त विद्यालय के कार्यकर्ताओं द्वारा बनाई गई। जिसमें ग्राम भौंती के सामान्य जन से लेकर सभी वरिष्ठ एवं विशिष्ट लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हर संभव सहयोग किया। शिशु मंदिर भौंती द्वारा इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों मैं शिक्षा के साथ-साथ भैया बहनों का सर्वांगीण विकास एवं समाज में नई चेतना जागृत करना रहता है।





# आसमान में चमके बनकर सितार चार साहबजादे वीर हमारेः नीरु ज्ञानी

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

डबरा । गुरु गोबिंदसिंह के खून थे वो, बाबा तेग बहादुर जी के पोते थे वो, शीश कटाना कटाना जानते थे। मुगल झुके, अंबर झुका। शान में उनकी खुद रब झुका। आसमान में चमके बनकर सितारे, चार साहबजादे वीर हमारे। उपरोक्त पंक्तियां पंजाबी साहित्य अकादमी की निदेशक नीरू सिंह ज्ञानी ने शासकीय उमावि मॉडल डबरा तथा उत्कृष्ट डबरा में वीर बालक सप्ताह पर आयोजित

## भारत के गौरवशाली इतिहास को अंग्रेजों ने अपने हित के लिए तोड़ा मरोड़ाः चाकणकर, वीर बाल दिवस सप्ताह में गुंजायमान होगी बाल वीरों की गाथा

कार्यक्रम में व्यक्त किए। श्रीमती ज्ञानी ने कहा कि मध्य प्रदेश के सभी विद्यार्थी एवं आने वाली पीढ़ी इस अप्रतिम बलिदान से परिचित हो सकें इस निमित्त बाल वीर सप्ताह का आयोजन एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होगा।गुरु गोविंदसिंह के साहिबजादो का बलिदान हिंदुस्तान हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है मध्यप्रदेश सरकार ने लोक शिक्षण संचालनालय के माध्यम से विद्यार्थियो के बीच श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के पूरे परिवार द्वारा दिये गये बलिदान को प्रदेश के विद्यार्थियो के बीच गुँजायमान हो रहा है। उन्होने कहा-शिक्षा का जलाया हुआ दीपक पूरे समाज को रोशन करता है। पंजाबी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा वीर साहिबज़ादों पर केन्द्रित तालगुरू प्रोडक्शन द्वारा तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री एवं सिख फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा इतिहास लेख को अकादमी द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय, को उपलब्ध कराया गया है, जिसका प्रदर्शन प्रदेश भर के सात हजार से अधिक विद्यालयों में किया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री रघुवीर रजक ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के गौरवशाली इतिहास को सम्मानित करने का अवसर मिला है। 25 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश होने के कारण स्कूल शिक्षा और संस्कृति विभाग के सहयोग से सभी शासकीय, अशासकीय एवं अर्धशासकीय स्कूलों में 19 से 24 दिसंबर तक 卐वीर बाल दिवस सप्ताह卐 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के वीर पुत्रों ने जिस प्रकार शहादत इस देश की रक्षा के लिए दी ऐसे उदाहरण बिरले ही देखने को मिलते हैं। श्री चाकणकर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव 21 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक इन्हीं 7 दिनों में गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद



हो गया था। उसी रात माता गूजरी ने भी ठन्डे बुर्ज में प्राण त्याग दिए । यह सप्ताह भारत के इतिहास में शोक सप्ताह होता है, शौर्य का सप्ताह होता है ।इसलिए यह सप्ताह उन शहीदों को याद करते हुए बितायें। श्री चाकणकर ने कहा कि भारत के गौरवमयी इतिहास को अँग्रेजों ने अपने हित के लिये तोड़ा मरोड़ा। ऐसा उन्होंने किया वो तो उनकी भलाई में था लेकिन स्वाधीनता के बाद भी हम उसी इतिहास को ढो रहे हैं यह गलत है। इतिहासकारों ने जीता हुआ सिकन्दर तो पड़ाया लेकिन हारा हुआ सिकन्दर नहीं पड़ाया। आज के पुण्य दिवस पर हम गुरू गोविन्द सिंह जी के साहबजादों को याद करते हुए उन समस्त बलिदानियों को भी याद करें जिनके बलिदान से इस देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। इस अवसर पर , प्राचार्य मुकेश शर्मा , विकासखंड योग प्रभारी जयदयाल शर्मा सत्येंद्र सिंह राणा,योग क्लब प्रभारी श्रीमती भारती झा, सुनील झा, विद्यालय के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह साहिबजादों की शहादत पर केंद्रित फिल्म सूरा नो पहचानिए का प्रदर्शन भी किया गया।

## निर्भया फंड से नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे

निर्भया फंड महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया था। इस फंड का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा था। इस फंड से अब नेशनल हाईवे में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। निर्भया फंड का यदि इस तरह से उपयोग होगा तो महिला सुरक्षा को लेकर जो सोचा गया था वह संभव नहीं होगा। सरकार फंड एकत्रित करने के लिए तरह-तरह से तरीके इजाद करती है। फिर उसका इस्तेमाल मनमाने तरीके से करती है। जिसके कारण जो उद्देश होते हैं वह विफल होकर रह जाते हैं। इस प्रवृत्ति को कठोरता से रोकने की जरूरत है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़कों पर टोल बैरियर लगाकर टोल टैक्स वसूल किया जा रहा है। हर साल टोल टैक्स में रेट बढ़ा दिए जाते हैं। वाहन चालकों से जजिया कर की तरह टेक्स की वसूली करोड़ों रुपये रोज की जा रही है। टोल बेरियर इस तरीके से बनाए जाते हैं कुछ ही किलोमीटर वाहन वह उस रोड पर चलता है और उसे 2 रोड का टोल टैक्स चुकाना पड़ता है। प्रति किलोमीटर 2 से 3 रुपया टोल टैक्स वाहन चालकों को चुकाने पड़ रहे हैं। पर टोल टैक्स के माध्यम से वाहन चालकों से वसूल की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों पर कैमरे और लाइट लगाने का काम भी उसी राशि से होना चाहिए। निर्भया फंड का उपयोग किस तरह से हो इस पर राष्ट्रीय स्तर पर कोई नीति तैयार नहीं की गई है। फंड होते हुए भी महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस फंड का उपयोग पुलिस पहले ही अपने आधुनिकीकरण के लिए कर रही हैं। अब इस फंड से राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह महिलाओं की सुरक्षा के प्र?ति एक तरह से अन्याय है। सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बार-बार जो घड़ियाली आंसू बहाए जाते हैं यह उसका प्रमाणीकरण ही होगा।

संसद की स्थाई समिति केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और गृह मंत्रालय द्वारा निर्भया फंड की राशि का सही जगह उपयोग हो इसको सुनिश्चित करना जरूरी है। सरकार तरह-तरह से टैक्स लगाकर और राजस्व बढ़ाने के लिए बार-बार नए-नए फंड तैयार करती हैं। उनके लिए अलग-अलग उद्देश्य बताए जाते हैं। ?निर्भिया फंड के होते हुए भी म?हिलाओं के साथ बलात्कार एवं छेड़छाड़ की घटनायें लगातार बढ़ रही हैं। अब तो बालात्कार के साथ हत्या जैसी घटनायें होने लगी हैं। शहरों में तेजाब एवं छेड़छाड़ की घटनायें भी बढ़ती जा रही हैं। ?निर्भया फंड का उपयोग म?हिलाओं की सुरक्षा के ?लिये होता तो यह बेहतर होता। बड़ा आश्चर्य है ?कि संसद की स्थायी स?मिति ने राजमार्गों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अनुम?ति ?निर्भया फंड से दी है। इस तरह के फंड का उपयोग उन कार्यों में नहीं किया जाता है जिसके लिए यह फंड बनाया गया था। सरकार जनप्रतिनिधि और सुरक्षा एजेंसियों तथा संसद की स्थायी स?मिति को इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। निर्भया फंड का सदुपयोग हो महिलाओं की सुरक्षा बेहतर हो उनकी जान-माल की रक्षा हो सके इस पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

# राजस्थान में भाजपा को लगा जोर का झटका

रमेश सर्राफ धमोरा



राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी इन दिनों सदमे की हालत में है। पार्टी को लगातार झटके पर झटके लग रहे हैं। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूट रहा है। राजस्थान में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं और संगठन की दृष्टि से भाजपा कमजोर लग रही है। ऐसे में विधानसभा चुनाव में भाजपा कांग्रेस को हराकर कैसे अपनी सरकार बनाएगी इस सवाल का जवाब किसी भाजपा नेता के पास नहीं है। प्रदेश भाजपा के सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे ही चुनाव जीतने के सपने देख रहे हैं। हाल ही में राजस्थान के सरदारशहर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा की करारी हार से भाजपा को जोर का झटका लगा है। उपचुनाव से पूर्व झुंझुनू में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह ने दावा किया था कि पार्टी के सभी नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। मगर उपचुनाव में अरुण सिंह का दावा खोखला साबित हुआ। ना तो पार्टी के नेता एकजुटता दिखा पाए और ना ही उपचुनाव जीत पाए।

सरदारशहर से भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा ने तो प्रारंभ में प्रत्याशी बनने से ही इंकार कर दिया था। क्योंकि उनको पता था कि भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। ऐसे में उनका जीतना मुश्किल है। बड़ी मुश्किल से भाजपा नेताओं ने मान मनुहार कर अशोक पिंचा को चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया था। लेकिन चुनाव नतीजे वही रहे जिसकी अशोक पिंचा को पहले से ही आशंका थी। इतना ही नहीं 2018 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा का हार का अंतर भी काफी अधिक बढ़ गया। भाजपा ने सरदारशहर उपचुनाव का प्रभारी केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को बनाया था। प्रभारी के नाते मेघवाल की जिम्मेदारी थी कि पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट कर पूरी ताकत से चुनाव लड़े। मगर मेघवाल ऐसा करने में पूरी तरह विफल रहे। सरदारशहर उपचुनाव के दौरान मेघवाल ने पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा व पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी को तो भाजपा में शामिल करवा लिया। मगर पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी को भाजपा में शामिल नहीं होने दिया। इससे नाराज होकर भाटी ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी लालचंद मूंड के पक्ष में वोट देने की अपील की थी। राजस्थान भाजपा में अर्जुनराम मेघवाल को अन्य दलों से भाजपा में आने वाले नेताओं को पार्टी में शामिल करने के लिए बनाई गई छानबीन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। अर्जुन राम मेघवाल व देवीसिंह भाटी दोनों ही बीकानेर जिले के हैं। दोनों में 36 का आंकड़ा है। देवी सिंह भाटी जहां सात बार विधायक व राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वही मेघवाल तीसरी बार सांसद व केंद्र सरकार में राज्यमंत्री है। पिछले विधानसभा चुनाव में कोलायत से भाटी की पुत्रवधू पूनम कंवर भाजपा टिकट पर चुनाव लड़कर हार गई थी। तब भाटी ने अर्जुनराम मेघवाल पर भितरघात करने का आरोप लगाते हुये उनको लोकसभा प्रत्याशी बनाने का विरोध किया था। मगर पार्टी द्वारा मेघवाल को प्रत्याशी बनाने के विरोध में भाटी ने भाजपा छोड़ दी थी।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समर्थक देवीसिंह भाटी ने गत दिनों वसुंधरा राजे के माध्यम से भाजपा में वापसी करनी चाहिए थी। इसके लिए उन्होंने बीकानेर में वसुंधरा राजे का एक बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित करवाया था। मगर अंतिम समय में मेघवाल के प्रभाव के चलते भाटी की भाजपा में घर वापसी रुक गई थी। जिससे भाटी काफी नाराज हुए थे। इस उपचुनाव के बहाने भाटी ने घर वापसी का फिर प्रयास किया था। मगर मेघवाल ने भाटी के प्रयासों पर फिर से पानी फेर दिया। यदि भाटी की घर वापसी होती तो उपचुनाव में एक अच्छा मैसेज जाता। मोदी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल प्रारंभ से ही विवादास्पद रहे हैं। पिछले दिनों उनका पुत्र भी कई विवादों में आया था। इसी के चलते उनका पुत्र रविशेखर कांग्रेस सरकार में केबीनेट मंत्री गोविंदराम मेघवाल की पत्नी आशा देवी से 2783 वोटो से जिला परिषद का चुनाव भी हार गया था। मगर केंद्रीय नेतृत्व की नजदीकी के चलते अर्जुन राम मेघवाल पार्टी में प्रभावी बने हुए हैं और चुन-चुन कर देवीसिंह भाटी की तरह अपने अन्य विरोधियों को भी ठिकाने लगा रहे हैं। अपने प्रभाव के चलते जहां मेघवाल अपनी व्यक्तिगत खुन्नस तो निकाल रहे हैं मगर इससे पार्टी संगठन को भारी नुकसान हो रहा है। इस बात से वह बेखबर नजर आ रहे हैं। सरदारशहर उपचुनाव में आपसी गुटबाजी के चलते पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने चुनाव प्रचार से दूरी बनाये रखी थी। राजे के प्रचार में नहीं आने से उनके समर्थक भी उप चुनाव से दूर रहे थे। जिससे चुनाव में भाजपा का मैसेज अच्छा नहीं गया। वही कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सचिन पायलट सहित कई मंत्री व दर्जनों विधायक पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे रहे। फलस्वरूप सरदारशहर में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा को 26 हजार 852 वोटों के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

2018 के विधानसभा चुनाव के बाद से अब तक राजस्थान में आठ सीटों पर उप चुनाव हो चुके हैं। जिनमें से तीन पर भाजपा चार पर कांग्रेस व एक पर रालोपा का कब्जा था। मगर उपचुनाव में भाजपा मात्र एक सीट पर ही फिर से चुनाव जीत पायी। जबकि कांग्रेस छः व रालोपा एक सीट जीत गयी। अब तक हुये उपचुनावों में भाजपा को दो सीटे गवानी पड़ी है। राजस्थान में भाजपा द्वारा इन दिनों जन आक्रोश रथ यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें प्रदेश के सभी गांव में भाजपा नेता एक रथ लेकर जा रहे हैं और ग्राम वासियों से संवाद कर प्रदेश में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की कमियों को लोगों को बता रहे हैं। मगर जन आक्रोश रथ यात्रा के दौरान भी भाजपा नेताओं को बहुत से गांव में लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि तीन साल बीत जाने के बाद भी सांसदों ने लोगों से मिलना तक गवारा नहीं समझा। जबकि लोगों ने प्रदेश के हर सांसद को कई- कई लाख वोटों से चुनाव जिताया था। मगर चुनाव जीतने के बाद सांसद वोट देने वालों को ही भूल गए। ऐसी ही स्थिति का सामना विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों को करना पड़ रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पिछले दिनों जयपुर में हुई जनसभा में भीड़ एकत्रित नहीं होने की घटना से भी केंद्रीय नेतृत्व सकते में है। चर्चा है कि नड्डा की सभा में भीड़ जुटाने में जयपुर शहर के विधायकों कलीचरण सर्राफ नरपत सिंह राजवी व अशोक लाहोटी ने कोई रुचि नहीं ली। जिस कारण नड्डा की जयपुर सभा फेल हो गई थी। हालांकि राजस्थान कांग्रेस में गहलोत बनाम पायलट में जमकर गुटबाजी चल रही है। मगर जहां कांग्रेस में सिर्फ दो गुट है। वहीं भाजपा में तो हर बड़े नेता का अपना अलग गुट है। ऐसे में अगले विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का सपना देख रहे भाजपा के नेता कैसे चुनाव जीतेंगे इसका जवाब किसी के पास नहीं है। फिलहाल तो प्रदेश भाजपा में सब कुछ राम भरोसे ही चल रहा है।

## प्रकृति की तीन शक्तियां

प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्राय- तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो प्रार्थना करो।

# पेसा एक्ट: जनजातीयों का संवैधानिक अधिकार

निलय श्रीवास्तव

मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और कड़ी जनजातीय गौरव दिवस के रुप में जुड़ गयी है। इसी दिन मध्यप्रदेश में पेसा एक्ट लागू किया गया है। मध्यप्रदेश पेसा एक्ट कानून लागू करने वाला सातवां राज्य बन चुका है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश आंध्र प्रदेश तेलंगाना राजस्थान गुजरात और महाराष्ट्र ने ही अपने पेसा कानून बनाये हैं। पेसा अधिनियम में जनजातीय समाजों की ग्राम सभाओं को अत्यधिक ताकत दी गई है। संविधान के भाग 9 के पंचायतों से जुड़े प्रावधानों को जरूरी संशोधनों के साथ अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तारित करने का लक्ष्य है। गरीबी उन्मूलन और अन्य कार्यक्रमों के लिये लाभार्थियों को चिन्हित करने तथा चयन के लिये भी ग्राम सभा ही उत्तरदायी होगी। संविधान के भाग 9 के अंतर्गत जिन समुदायों के संबंध में आरक्षण के प्रावधान हैं उन्हें अनुसूचित क्षेत्रों में प्रत्येक पंचायत में उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही यह शर्त भी है कि अनुसूचित जनजातियों का आरक्षण कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से कम नहीं होगा तथा पंचायतों के सभी स्तरों पर अध्यक्षों के पद अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित रहेंगे। पेसा एक्ट कानून का उद्देश्य जनजातीय समाज को स्वशासन प्रदान करने के साथ ही ग्राम सभाओं को सभी गतिविधियों का मुख्य केन्द्र बनाया गया है। यहाँ बता दें कि देश में पेसा कानून 24 दिसम्बर 1996 को लागू हुआ था लेकिन देश में सबसे अधिक आदिवासियों के घर यानी मध्यप्रदेश में यह कानून लागू नहीं हो सका था। हांलाकि मध्यप्रदेश में लम्बे समय से पेसा एक्ट सभी प्रावधानों के साथ पूरी तरह लागू करने की मांग की जा रही थी।



पेसा कानून के जरिए ग्राम सभाओं को और अधिक अधिकार मिले हैं। गैर जनजातीय व्यक्ति या कोई भी अन्य व्यक्ति छ्ल कपट से बहला फुसलाकर विवाह करके जनजातीय भाई-बहनों की जमीन पर गलत तरीके से कब्जा करने या खरीदने की कोशिश करें तो ग्राम सभा इसमें हस्तक्षेप कर सकेगी। यदि ग्राम सभा को यह पता चलता है कि वह उस जमीन का कब्जा फिर से जनजातीय भाई-बहनों को दिलवाएगी। अधिसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की अनुशंसा के बिना खनिज के सर्वे पट्टा देने या नीलामी की कार्यवाही नहीं हो सकेगी। अब तेदुपत्ता तोड़ने और बेचने का अधिकार भी ग्राम सभाओं को दिया जाएगा। गांव में मनरेगा और अन्य कामों के लिए आने वाले धन से कौन सा काम किया जाएगा इसे पंचायत सचिव नहीं बल्कि ग्राम सभा तय करेगी। इसका मतलब है कि ग्राम सभा अपने क्षेत्र में स्वयं या एक समिति गठित कर वनोपजों जैसे अचार गुटली करंज बीज महुआलाखगोंद हर्रा बहेरा आंवला आदि का संग्रहण मार्केटिंग मूल्य तय करना और बिक्री कर सकेंगें। पेसा एक्ट के तहत् अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों को स्वशासन की संस्थाओं के तौर पर कार्य करने के लायक बनाने के लिये अपेक्षित शक्तियाँ और अधिकार देते हुए राज्यों के विधानमंडल यह सुनिश्चित करेंगें कि ग्रामसभा और पंचायतें को निश्चित रूप से इस तरह शक्तियाँ प्रदान की गई हों जिनमें किसी भी मादक पदार्थ की बिक्री या उपभोग को प्रतिबंधित या नियमित या सीमित करने की शक्ति होगी एवं गौण वन उत्पादों का स्वामित्व मिलेगा। एक्ट में प्रावधान किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि के हस्तांतरण को रोकने की शक्ति और किसी अनुसूचित जनजाति की अवैध रूप से हस्तांतरित की गई भूमि को वापस लेने के लिये उचित कार्यवाही करने की शक्ति होगी। अब कोई भी नई शराबभांग की दुकान ग्रामसभा की अनुमति के बिना नहीं खुलेगी। यदि 45 दिन में ग्राम सभा कोई निर्णय नहीं करती है यह स्वमेव मान लिया जाएगा कि नई दुकान खोलने के लिए ग्रामसभा सहमत नहीं है और फिर दुकान नहीं खोली जाएगी। यदि कोई शराब या भांग की दुकान गांव के अस्पतालस्कूलधार्मिक स्थल आदि के आस-पास हो तो उसके स्थान परिवर्तन की अनुशंसा ग्रामसभा सरकार को भेज सकेगी। ग्राम सभा किसी स्थानीय त्योहार पर शराब दुकान बंद करने की अनुशंसाा कलेक्टर से कर सकती है।

# मोबाइल लेपटॉप के दुष्परिणाम- टेक्स्ट नेक सिंड्रोम

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

आधुनिक परिवेश में हम नए उपकरण का नित्य नए प्रकार से उपयोग करते हैं जो आजकल आवश्यक हैं पर किसी भी सामग्री का उपयोग के अतियोग हीनयोग और मिथ्या योग के कारण से कई रोग अनायास से ग्रसित हो जाते हैं। हमारे शरीर पर हड्डियों का मुख्य आधार होता हैं और मिथ्यायोग करने से अस्थि जन्य रोग होने से दैनिक जीवन कष्टमय होने लगता हैं .ऐसा ही यह रोग आजकल बहुत प्रचलन में हैं। मोबाइल फोन या कंप्यूटर आदि पर ज्यादा देर गर्दन झुककर काम करने की वजह से टेक्स्ट नेक की दिक्कत होती है मोबाइल फोन और इंटरनेट ने जमाने के काम करने के तरीके को बदलकर रख दिया है। स्मार्टफोन लैपटॉप और तमाम दूसरे गैजेट्स की निर्भरता ने काम को आसान तो बनाया है लेकिन इसके साथ ही कुछ न कुछ समस्या भी लोगों को मिली है। कोरोनावायरस महामारी के कारण एक बार फिर से हर उम्र के लोग स्मार्टफोन और लैपटॉप के सहारे अपना कामकाज घर बैठे कर रहे हैं। लैपटॉप और मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के लिए हम अपनी गर्दन को कई समस्याओं से जकड़ने का काम भी कर रहे हैं। क्योंकि जब हम मोबाइल या लैपटॉप पर काम कर रहे होते हैं तो उस समय हमारी गर्दन पर जरूरत से ज्यादा प्रेशर डाल रहे होते हैं जिसकी वजह से टेक्स्ट नेकजैसी समस्या जन्म ले रही है। घर से काम करने के चलन की वजह से भी इस समस्या में वृद्धि देखी गयी है। टेक्स्ट नेक जैसी समस्या आगे चलकर गर्दन से जुड़ी कई दूसरी समस्याओं का कारण भी बन सकती है इसलिए समय रहते ही इस पार ध्यान देने की जरूरत है।

### क्या है टेक्स्ट नेक?

गर्दन झुकाकर मोबाइल फोन और लैपटॉप आदि का इस्तेमाल करने की वजह से गर्दन और रीढ़ की हड्डी पर इसका प्रभाव पड़ता है। ज्यादा देर तक ऐसी स्थिति में काम करने की वजह से शरीर पोश्चर तो बिगड़ता ही है इसके साथ ही गर्दन और रीढ़ की हड्डी में दिक्कतें पैदा होने लगती हैं। गर्दन और रीढ़ का झुकाव आगे की तरफ ज्यादा होने के कारण रीढ़ की हड्डी का उभार बढ़ने लगता है। इसके अलावा गर्दन पीठ और कंधों व सिर में दर्द भी शुरू हो सकता है। इस तरह ऐसे काम करने की वजह से होने वाली इन समस्याओं को टेक्स्ट नेक या टेक्स्ट नेक सिंड्रोम कहा जाता है।

### लक्षण

टेक्स्ट नेक की समस्या मोबाइल फोन या लैपटॉप आदि का गर्दन झुकाकर इस्तेमाल करने की वजह से होती है। इस समस्या की वजह से बॉडी पोश्चर में भी बदलाव आने लगता है। अगर इस समस्या को लेकर समय रहते सही कदम नहीं उठाया गया तो यह आगे चलकर और भी परेशान कर सकती है।

### प्रमुख लक्षण

- पीठ गर्दन और कंधों में सामान्य और तेज दर्द
- सिरदर्द
- गर्दन को आगे की तरफ ले जाते समय दर्द होना
- गर्दन ऊपरी पीठ और कंधों में जकड़न
- सिर का आगे की ओर झुका रहना और कंधों का पोश्चर गोल होना

### बचाव के लिए योगासनों का



### नियमित अभ्यास

- चिन ग्लाइड्स
- एक्टिव चिन ग्लाइड्स
- आइसोमेट्रिक हेड प्रेस

### 1 . चिन ग्लाइड्स

यह एक्सरसाइज सर्वाइकल से जुड़ी समस्याओं में बेहद फायदेमंद मानी जाती है। इसका नियमित अभ्यास डीप सर्वाइकल फ्लेक्सर्स और सर्वाइकल एक्सटेंसर आदि को मजबूती देने का काम करता है। सिर और गर्दन के पोश्चर को दोबारा ठीक करने में यह फायदेमंद मानी जाती है।

### चिन ग्लाइड्स करने का तरीका

- सीधे खड़े हो जाएं।
- अपने हाथों की दो उंगलियों से चिन (ठुड्डी) को दबाते हुए पीछे की तरफ ले जाएं।
- अब सिर को आगे लाएं इस दौरान शरीर को स्थिर और सीधा रखें।
- लगभग 10 बार इस एक्सरसाइज को दोहराएं।

### 2 . एक्टिव चिन ग्लाइड्स

एक्टिव चिन ग्लाइड्स का अभ्यास करने से गलत पोश्चर में बैठने वाले लोगों को होने वाली गर्दन दर्द की समस्या में आराम मिलता है। इसके अभ्यास से गले और गर्दन के ख़राब पोश्चर को सही करने में भी मदद मिलती है।

### कैसे करें एक्टिव चिन ग्लाइड्स

- दीवार के सहारे सीधे खड़े हो जाएं।
- अब दीवार पर हथेलियों से दबाव डालते हुए गर्दन को पीछे की तरफ ले जाएं।
- कंधों को सीधा रखें।
- कुछ देर गर्दन को पीछे की तरफ रखने के बाद आगे लाएं और फिर वही प्रक्रिया दोहराएं।

### 3 . आइसोमेट्रिक हेड प्रेस

टेक्स्ट नेक की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए यह एक्सरसाइज बेहद फायदेमंद होती है। इसके नियमित अभ्यास से गर्दन की मांसपेशियों को लचीला और मजबूत करने में फायदा मिलता है।

### कैसे करें आइसोमेट्रिक हेड प्रेस का अभ्यास?

- दीवार के पास खड़े हो जाएं।
- दीवार पर एक तौलिया लगाकर उस पर अपना सिर टिका लें।
- तौलिये पर सिर को पीछे की तरफ प्रेस करें और थोड़ी देर रुकने के बाद छोड़ दें।
- इसी प्रक्रिया को 5 बार दोहराएं।

### आयुर्वेदानुसार, महायोगराज गुग्गुलु महाविषगर्भ तेल

- कड़े बिस्तर या तखत पर सोना जिससे गर्दन की हड्डियों को सीधा रखा जा सके।

## हम किसी से कम नहीं!

डॉ.भरत मिश्र प्राची

देश में फिलहाल दो राज्य गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव एवं देश के अन्य भागों में खाली पड़ें विधान सभा एवं लोकसभा के उपचुनाव सम्पन्न हो गये जहां कि वस्तुस्थिति सभी के सामने है। इन चुनावों में कहीं लगााव- प्रभाव तो कहीं सहानुभूति मत तो कहीं सत्ता परिवर्तन दिखाई दिया। इन चुनावों में हम किसी से कम नही के चलते विपक्ष के आपसी मतभेद भी उभर कर सामने आये जिसका प्रतिकूल प्रभाव भी देखने को मिला। विधानसभा के हुये मुख्य चुनाव में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने सत्ता पर अपना जीत का डंका तो बजा दिया पर गुजरात में उसे करारी हार मिली जहां पूर्व चुनाव से उसे 61 सीट कम मिली। यह आकड़ा गुजरात में आप के जोरदार धमाके से हुआ उसे पंजाब की तरह सफलता तो नहीं मिली कांग्रेस को कमजोर कर गई। बची खुची कमी उवैसी की पार्टी कर गई। आप ओवैसी की पार्टी एवं कांग्रेस फिलहाल तीनों विपक्षी राजनीतिक दल की भूमिका निभा रहे है। इनमें आपसी सामंजस्य होता तो चुनाव में मत का बिखराव नहीं होने का लाभ मिलता तब शायद गुजरात में सत्ता पक्ष की वर्तमान स्थिति नहीं उभर पाती। गुजरात राज्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का गृह प्रदेश तो है हीं जिसका लगााव प्रभाव का लाभ सत्ता पक्ष को मिलना स्वाभाविक था मिला भी पर उसे तीनों विपक्ष के अलग अलग लड़ने से वोटों के बिखराव का लाभ भी मिला। जिससे उसे पूर्व चुनाव से 57 सीट ज्यादा हाथ लगी।

## शादी में जात व धर्म का बंधन क्यों?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

महाराष्ट्र सरकार ने एक 13 सदस्यीय आयोग बना दिया है जिसका काम यह देखना है कि देश में जितनी भी अंतरजातीय और अन्तर्धामिक शादियां होती हैं उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि उनके रिश्तेदारों या पति-पत्नी के बीच हिंसा या अनबन की शिकायतें आएं तो उन पर ध्यान दिया जाए। इस आयोग की अध्यक्षता भाजपा के महिला और बालविकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा करेंगे। इस आयोग का उद्देश्य यह बताया जा रहा है कि इस तरह की शादियों पर कड़ी निगरानी रखकर यह आयोग उनके विवादों को सुलझाने की कोशिश करेगा और औरतों के अधिकारों की रक्षा करेगा। यह आयोग उक्त प्रकार की शादियों की सारी जानकारियां और आंकड़े भी इकट्ठे करेगा। इस अपने ढंग के आयोग की स्थापना देश में पहली बार महाराष्ट्र सरकार ने की है जो भाजपा और शिवसेना (नई) के गठबंधन से बनी है। इन दोनों पार्टियों ने लव-जिहाद के खिलाफ जिहाद छेड़ रखा है। वास्तव में छ्ल-कपट से कोई भी शादी करे और धर्म-परिवर्तन की कोशिश करे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। लेकिन जो शादियां शुद्ध प्रेम और पारस्परिक आकर्षण के आधार पर होती हैं क्या उनके लिए भी यह आयोग अभिशाप नहीं बन जाएगा? पता नहीं महाराष्ट्र की श्रद्धा वालकर और आफताब की शादी के पीछे असली प्रेरणा क्या थी? यह आयोग बनाया ही गया है श्रद्धा वालकर और आफताब कांड के संदर्भ में। इस आयोग के घोषित उद्देश्य में तो कोई बुराई नहीं दिखती लेकिन ऐसा लगता है कि इससे जितने लाभ हो सकते हैं उनसे ज्यादा हानियां होंगी। यह आयोग गलत धारणाओं पर ही आधारित है। सबसे पहला प्रश्न यह है कि क्या औरतों पर जुल्म तभी होता है जबकि उनकी शादी गैर-जाति या गैर-धर्म के आदमी से होती है? क्या समजातीय और समधार्मिक विवाहों में किसी स्त्री पर कोई जुल्म नहीं होता? यदि भाजपा और शिवसेना के नेता स्त्री के अधिकारों के प्रति सजग हैं तो सिर्फ विषम विवाहों पर ही उनकी कोप-दृष्टि क्यों है? यदि वे विषम विवाहों के आंकड़े इकट्ठे करेंगे तो उनके कारण परिवारों में विषमता की दुर्भावना बढ़ेगी और उनकी संतानों के भावी जीवन को भी वह प्रभावित करेगी। वास्तव में हमें ऐसे शक्तिशाली और एकात्म भारत का निर्माण करना है जिसमें जाति और धर्म से भी ज्यादा महत्व मनुष्य का हो। कोई भी मनुष्य अपनी मर्जी से जाति या धर्म में पैदा नहीं होता है। ये तो उस पर तब से थोप दिए जाते हैं जब उसे खुद अपने नाम का भी पता नहीं होता। यह आयोग मनुष्य को जातीय और धर्म के सींखचों में बांधे रखने का एक नया पैंतरा सिद्ध होगा। जाति और धर्म से ऊपर उठकर शुद्ध प्रेम या आकर्षण से प्रेरित होकर शादी करनेवाले लोग डर के मारे दुबक जाएंगे। बेहतर तो यही हो कि हमारी सरकारें अंतरजातीय और अंतरधार्मिक विवाहों को पुरस्कृत प्रोत्साहित और समादृत करें ताकि भारत एक सशक्त संपन्न और भेदभावरहित देश बन सके।



## न्यूज़ ट्रैक....

### शारजाह में होगी एशिया कप तीरंदाजी

नई दिल्ली । तीरंदाज आकाश मलिक अगल माह 25 दिसंबर से शारजाह में होने वाले एशिया कप तीरंदाजी टूनार्मेंट में भारतीय तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा ओलंपिक में रजत पदक विजेता आकाश ने हरियाणा के सोनीपत में आयोजित तीन दिवसीय ट्रायल में एशिया कप के लिए अपनी भागीदारी हासिल की। आकाश के अलावा जिन तीन अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वे हैं महाराष्ट्र सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड और झारखंड से हैं । आकाश ने कहा मैं ट्रायल में अपने प्रदर्शन से उत्साहि हूं। इससे मुझे कड़ी मेहनत करने और एशिया कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

### किर्गियोस छह साल फ्रेंच ओपन खेलेंगे

पेरिस । ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस छह साल बाद एक बार फिर फ्रेंच ओपन में खेलने जा रहे हैं। किर्गियोस ने कहा कि वह इसलिए वापसी कर रहे हैं क्योंकि उनकी प्रेमिका कॉस्टिन हत्ज़ उन्हें खेलते हुए देखना चाहती है। किर्गियोस अपनी प्रेमिका को एफिल टॉवर तक भी ले जाना चाहते हैं। किर्गियोस को क्ले कोर्ट पर खेलना पसंद नहीं है। इसी कारण वह लंबे समय से इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे थे। पर अब अपनी प्रेमिका कॉस्टिन के लिए वह पेरिस की यात्रा करने को तैयार हैं। किर्गियोस ने कहा कि मेरी प्रेमिका पेरिस को जानना चाहती है इसलिए मैं रोलैंड गैरोस 2023 में खेलने जा रहा हूं। किर्गियोस ने भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए कहा कि मेरे लिए कुछ और पैसा कमाना अच्छा होगा हालांकि मैं घर पर रहना पसंद करता।

### ईरान ने फुटबॉलर को फांसी की सजा

तेहरान । ईरान ने महिलाओं के हिजाब विरोधी प्रदर्शन में शामिल एक एक फुटबॉलर को फांसी की सजा सुनाई है। जिस फुटबॉलर को सजा सुनाई गयी है उसका नाम आमिर नस्र-आजादानी है और उसने ईरान की राष्ट्रीय अंडर-16 टीम के लिए खेला है। इस फुटबॉलर को सजा से बचाने के लिए ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सहित कई खिलाड़ियों ने अपील की थी पर सरकार ने ठुकरा दिया है। सरकार के अनुसार फुटबॉलर आमिर नस्र-आजादानी ने एक दंगे में भाग लिए था जिसमें हुई हिंसा में तीन सुरक्षा कर्मी मारे गये थे। आमिर ईरान के बुशहर एफसी टीम में डिफेंडर हैं। कोर्ट में पेशी के दौरान ईरानी सरकार ने आमिर पर देश के खिलाफ विद्रोह करने सशस्त्र गिरोहों का सदस्य होने देश की सुरक्षा को कमजोर करने में विदेशी ताकतों की सहायता करने का आरोप लगाया।

**आईपीएल नीलामी : सनराइजर्स हैदराबाद के पास है सबसे अधिक, केकेआर के पास सबसे कम रकम**

# खिलाड़ियों को खरीदने बोली लगाएंगी दस टीमें 405 खिलाड़ी शामिल

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सत्र के लिए कोच्ची में 23 दिसंबर को होने वाली नीलामी में सभी दस टीमें बेहतर खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए बोली लगाएंगी। साल 2023 की नीलामी एक मिनी ऑक्शन है इसलिए कई फेंचाइजियों ने खिलाड़ियों को पहले से ही अपनी टीम में रखा है। अभी सभी टीमों के पास 10 से 16 खिलाड़ी हैं। इस नीलामी में हर टीम अपने लिए ज्यादा से ज्यादा 25 खिलाड़ी खरीद सकती है। इसे लिए सभी टीमों के पास करोड़ों की राशि बची है। सबसे अधिक राशि 42.25 करोड़ रुपये सनराइजर्स हैदराबाद के पास बची है। वहीं सबसे कम 7.05 करोड़ रुपये कोलकाता नाइट राइडर्स के पास है। इसे देखा जाये तो सनराइजर्स सबसे महंगे खिलाड़ियों को खरीद सकती है। खिलाड़ियों का सबसे अधिक आधारमूल्य दो करोड़ जबकि सबसे कम 20 लाख रुपये रखा गया है। आईपीएल 2023 के अंतिम नीलामी पूल में 405 खिलाड़ी शामिल हैं। इन 405 खिलाड़ियों में से 273 भारतीय और 132 अन्य देशों के खिलाड़ी हैं। इसमें चार सहयोगी देशों के खिलाड़ी भी शामिल हैं। नीलमी में 119 कैप्ड (अनुभवी) खिलाड़ी 282 अनकैप्ड (गैर) अनुभवी खिलाड़ी और सहयोगी देशों के 4 खिलाड़ी हैं। अभी कुल 87 स्लॉट हैं जिनमें से 30 विदेशी खिलड़ियों के लिए बुक हैं। नीलामी दोपहर 2:30 बजे शुरू होगी। नीलामी को दर्शक स्टार स्पोर्ट्स चैनल्स पर देख सकेंगे। .

### आईपीएल 2023 नीलामी के लिए आधार मूल्य

**2 करोड़ रुपए :** नाथन कूल्टर-नाइल कैमरन ग्रीन ट्रैविस हेड क्रिस लिन टॉम बैंटन सैम करेन क्रिस जॉर्डन टाइमल मिल्स जेमी ओवरटन क्रेग ओवरटन आदिल राशिद फिल सॉल्ट बेन स्टोक्स एडम मिल्ने जिम्मी नीशम केन विलियमसन रिले राउसी रासी वैन डेर डूसेन एंजेलो मैथ्यूज निकोलस पूरन जेसन होल्डर.

**1.5 करोड़ रुपये:** सीन एबॉट रिले मेरेडिथ झाय रिचर्डसन एडम जाम्पा शाकिब अल हसन हैरी ब्रूक विल जैक्स डेविड मलान जेसन रॉय शेरफेन रदरफोर्ड.

**1 करोड़ रुपये :** मयंक अग्रवाल केदार जाधव मनीष पांडे मोहम्मद नबी मुजीब उर रहमान मोइसेस हेनरिक्स एंड्रयू टाय जो रूट ल्यूक वुड माइकल ब्रेसवेल मार्क चैपमैन मार्टिन गप्टिल काइल जैमीसन मैट हेनरी टॉम लैथम डेरिल मिचेल हेनरिक क्लासेन तबरेज शम्सी कुसल परेरा रोस्टन चेज रहकीम कॉर्नवाल शाई होप अकील हुसैन डेविड विसे.

**75 लाख रुपये:**रीस टॉपले वेन पार्नेल डैनियल सैम्स जोशुआ फिलिप ईश सोढ़ी टॉम करन डी'आर्सी शॉर्ट डेविड पायने कार्लोस ब्रैथवेट.

**50 लाख रुपये:** अजिंक्य रहाणे सिकंदर रजा ओडियन स्मिथ लिटन दास कुसल मेंडिस इशांत शर्मा जयदेव उनादकट मयंक मारकंडे मनदीप सिंह पॉल स्टर्लिंग दासुन शनाका रोमारियो शेफर्ड तस्कीन अहमद दुष्मंता चमीरा ब्लेसिंग मुजरबानी संदीप शर्मा जॉनसन चार्ल्स आंद्रे फ्लेचर बेन मैकडरमॉट लोरकन टकर पीयूष चावला अमित मिश्रा शाहबाज नदीम रीजा हेंड्रिक्स क्रिस्टियान जोंकर ब्रैंडन किंग करुण नायर पथुम निस्संका गुरकीरत सिंह हैरी टेक्टर नजीबुल्लाह जादरान क़ैस अहमद चरित असलंका डोमिनिक ड्रेक्स जॉर्ज गार्टन चमिका करुणारत्ने संदीप वारियर बेन ड्वार्शुइस रिचर्ड ग्लीसन नवीन उल हक लाहिरू कुमारा जोशुआ लिटिल दिलशान मदुशंका मोहित शर्मा बिली स्टानलेक अफीफ हुसैन गेलेइजन सिसंडा मगाला धनंजय सिल्वा डुनिथ वेलालेज वरुण आरोन शेल्डन कॉटरेल डेरिन डुपाविलन धवल कुलकर्णी बरिंदर सरां ग्लेंटन स्टुअरमैन फैबियन एलेन करीम जनत केशव महाराज पवन नेगी कीमो पॉल.

**40 लाख रुपए :** शिवम मावी विल स्मिड रेहान अहमद जॉर्डन थॉम्पसन थॉमस हेल्म जेम्स फुलर बेनी हॉवेल। **30 लाख रुपए :** केएम आसिफ लांस मौरिस अपूर्व वानखेड़े अनिकेत चौधरी।

**20 लाख रुपए:** शुभम खजूरिया रोहन कुन्नुमल चेतन एल.आर. शेख रशीद अनमोलप्रीत सिंह हिम्मत सिंह कॉर्बिन बॉश प्रियम गर्ग सौरभ कुमार विवरांत शर्मा निशांत सिंधु संवीर सिंह शशांक सिंह समर्थ व्यास के.एस. भरत मोहम्मद अजहरुद्दीन दिनेश बाना अभिमन्यु ईश्वरन एन जगदीशन सुमित कुमार उपेंद्र सिंह यादव आदि।

# भारत ने बांग्लादेश को 150 रनों पर समेटा



चिटगांव । भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन मेजबान बांग्लादेश को 150 रनों पर समेट दिया। भारतीय टीम ने पहले पारी में 404 रन बनाये थे। इस प्रकार भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 254 रनों की बढ़त मिली है। भारतीय टीम की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव ने सबसे अधिक पांच जबकि सिराज ने तीन विकेट लिए।

आज सुबह दूसरे दिन के आठ विकेट पर 133 रनों से आगे खेलते हुए मेजबान टीम ने बचे हुए दो विकेट 17 रनों के अंदर खो दिये। तीसरे दिन का खेल शुरू होते ही कुलदीप ने इबादत को पेवलियन भेजकर बांग्लादेश का 9वां विकेट गिरा दिया। इसके बाद अक्षर पटेल ने मेंहदी हसन का विकेट लेकर बांग्लादेश की टीम को पहली पारी में 150 रनों पर ही आउट कर दिया। इससे पहले भारतीय टीम ने चेतेश्वर पुजारा और श्रेयस अय्यर के बीच हुई शतकीय साझेदारी से भारतीय टीम को एक बड़े स्कोर तक पहुंचाने में सहायता की। इसके बाद कुलदीप और आर अश्विन के बीच सातवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी हुई जिससे भारतीय टीम एक बड़े स्कोर तक पहुंची। भारत की ओर से अय्यर और पुजारा के अलावा अश्विन ने भी अर्धशतक लगाया। वहीं भारतीय टीम की पारी के पहले दिन पुजारा और श्रेयस अय्यर ने पांचवें विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी कर टीम इंडिया को संभाला। दोनों ने अर्धशतक लगाया पुजारा 90 रन बनाकर आउट हुए।

# टी20 में छाये रहे सूर्यकुमार



नई दिल्ली। टीम इंडिया के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की इस साल टी20 में धूम रही। सूर्या ने साल में सबसे ज्यादा रना बनाने के के साथ ही कई और रिकार्ड अपने नाम किये और इससे वह आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नंबर एक स्थान पर पहुंच गये। इस बल्लेबाज ने इस साल 31 टी20 में लगभग 188 के स्ट्राइक रेट से कुल 1164 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार इस प्रारुप में एक साल में एक हजार या इससे ज्यादा रन बनाने वाले भारत के पहले जबकि विश्व के दूसरे बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो शतक लगाये हैं। उन्होंने इस दौरान टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की जिन्होंने साल 2018 में यह उपलब्धि हासिल की थी। सूर्यकुमार ने इस साल इंग्लैंड में 117 रन की शानदार पारी खेली थी जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ 111 रन की मैच विजेता पारी खेली। सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं।



*कतर में फीफा विश्वकप फुटबॉल सेमीफाइनल में फ्रांस के थियो हरनाडेज अपना दूसरा गोल करने के बाद उत्साहित नजर आये।*

# टेस्ट क्रिकेट को सबसे बेहतर मानते हैं स्टार्क

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा है कि उनके लिए टेस्ट क्रिकेट सबसे ऊपर है। ऐसे में वह अपने टेस्ट करियर को आगे बढ़ाने के लिए अगले चरण में सीमित ओवरों के प्रारुप को अलविदा कह सकते हैं। स्टार्क उन 6 खिलाड़ियों में से हैं जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारुपों में खेलते हैं। स्टार्क ने कहा 'टेस्ट हमेशा टॉप पर रहेगा। यह फॉर्मेट सीमित ओवरों के फॉर्मेट से काफी ऊपर है.' स्टार्क के टीम की 2023 वर्ल्ड कप योजनाओं में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा का भी संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि मैं बाकी चीजों के बारे में बाद में फैसला करूंगा। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि मेरा शरीर कैसा महसूस करता है. खेलना मुझे पसंद है और अगर लय सही रही और टीम में चयन हुआ तो मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।

## व्यापार न्यूज

### सरकार ने कच्चे तेल डीजल और विमान ईंधन निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाया

नई दिल्ली । सरकार ने वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के साथ-साथ डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगाए जाने वाले अप्रत्याशित लाभ कर घटा दिया है। सरकार की ओर से हाल ही में जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 4900 रुपए प्रति टन से घटाकर 1700 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर भी कर आठ रुपए से घटाकर पांच रुपए प्रति लीटर कर दिया है। इसी तरह एटीएफ के निर्यात पर इसे पांच रुपए से घटाकर 1.5 रुपए प्रति लीटर किया गया है। कर की नई दरें 16 दिसंबर से प्रभावी हो गई हैं। नवंबर से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसके बाद सरकार ने यह फैसला किया है। भारत ने पहली बार एक जुलाई को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। इसके साथ ही यह उन कुछ देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों के अत्यधिक लाभ पर कर वसूलते हैं। उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर छह रुपए प्रति लीटर (12 डॉलर प्रति बैरल) और डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर (26 डॉलर प्रति बैरल) का निर्यात शुल्क लगाया गया था। घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन पर 23250 रुपए प्रति टन (40 डॉलर प्रति बैरल) का अप्रत्याशित लाभ कर लगाया गया था। पेट्रोल पर निर्यात कर को समाप्त कर दिया गया है।

### रुपया चार पैसे टूटकर 82.80 पर

मुंबई । घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की भावना के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया कमजोर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.84 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला। बाद में यह चार पैसे के नुकसान के साथ 82.80 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 27 पैसे टूटकर 82.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इसी बीच छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 प्रतिशत के नुकसान से 104.27 पर आ गया।

### एशियाई बाजार में कमजोर कारोबार

मुंबई । एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार शुक्रवार को सुबह गिरावट पर खुले और लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज 0.34 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा था तो जापान के निक्केई पर 1.62 फीसदी की गिरावट देखी गई। हांगकांग का शेयर बाजार 0.13 फीसदी की गिरावट पर है तो ताइवान के शेयर बाजार में भी 1.62 फीसदी का नुकसान दिख रहा है।

**गिरावट के साथ शेयर बाजार की शुरुआत**

# सेंसेक्स 385 अंक टूटा निफ्टी 18000 पर




मुंबई । वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख तथा सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट के साथ खुले। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 385.38 अंक टूटकर 61413.65 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुरुआती कारोबार में 115.35 अंक के नुकसान के साथ 18299.55 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज विप्रो एचसीएल टेक्नोलॉजीज इन्फोसिस आईटीसी कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर नुकसान में थे। वहीं एलएंडटी रिलायंस इंडस्ट्रीज पावर ग्रिड भारती एयरटेल एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में थे। वैश्विक बाजार में तेज गिरावट का असर निवेशकों के सेंटिमेंट पर भी दिखा और शुरुआती कारोबार में उन्होंने मुनाफावसूली पर जोर दिया। हालांकि बाद में निवेशकों का भरोसा लौटा और उन्होंने खरीदारी पर जोर दिया। इसके बाद सेंसेक्स 82 अंकों की बढ़त बनाकर 61881 पर कारोबार करने लगा था जबकि निफ्टी 24 अंक चढ़कर 18439 पर पहुंच गया था। आज के कारोबार में निवेशकों ने रिलायंस के शेयरों पर जमकर दांव लगाया जिससे यह स्टॉक टॉप गेनर में पहुंच गया। कंपनी के शेयरों में शुरुआती कारोबार के दौरान ही एक फीसदी से ज्यादा का उछाल दिख रहा है। वैसे बाजार में बढ़त दिख रही है लेकिन वोलाटिलिटी इंडेक्स में एक फीसदी का उछाल भी है। इसका मतलब है कि बाजार में अनिश्चितता का माहौल बढ़ता जा रहा है।

### अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में गिरावट

मुंबई । अमेरिकी शेयर बाजार में भी लगातार दो सत्रों से गिरावट देखी जा रही है। फेडरल रिजर्व ने हाल में ब्याज दरों को बढ़ा दिया था और मंदी को लेकर एक बार फिर आशंका जताई थी जिससे वहां के शेयर बाजार में घबराहट का माहौल बन गया। निवेशकों की बिकवाली से एसएंडपी 500 2.49 फीसदी की गिरावट पर बंद हुआ तो डाओ जोंस 2.25 फीसदी और नेस्डेक 3.23 फीसदी की बड़ी गिरावट पर बंद हुआ है। अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय शेयर बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट दिखी। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले सत्र के दौरान 3.28 फीसदी के नुकसान पर बंद हुआ जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 3.09 फीसदी गिरावट पर बंद हुआ। लंदन के स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले कारोबारी सत्र में 0.93 फीसदी की गिरावट देखी गई।

# क्रूड ऑयल 1.5 डॉलर टूटा पेट्रोल और डीजल यूपी -बिहार में सस्ता



नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार दो दिन तेजी के बाद शुक्रवार को फिर बड़ी गिरावट दिख रही है। यूपी और बिहार के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नरमी आई है। हालांकि तेल कंपनियों ने दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल में कोई बदलाव नहीं किया है। गौतमबुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल एक पैसे सस्ता होकर 96.64 रुपए लीटर पहुंच गया जबकि डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लखनऊ में भी पेट्रोल 13 पैसे गिरकर 96.44 रुपए लीटर हो गया जबकि डीजल 12 पैसे सस्ता होकर 89.64 के भाव बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 71 पैसे टूटकर 107.24 रुपए लीटर हो गए जबकि डीजल 66 पैसे गिरकर 94.04 रुपए लीटर बिक रहा है। अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में इसकी कीमतों में बड़ी गिरावट आई है।

ब्रेंट क्रूड करीब 1.5 डॉलर गिरकर 81.21 डॉलर प्रति बैरल के भाव रहा। डब्ल्यूटीआई भी करीब सवा डॉलर की गिरावट के साथ 76.09 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 96.64 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.64 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट



नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। इसका असर भारतीय वायदा बाजार पर भी हुआ है।

शुरुआती कारोबार में दोनों कीमती धातुएं लाल निशान में कारोबार कर रही हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव शुरुआती कारोबार में 0.01 फीसदी गिरा है। वायदा बाजार में चांदी कल के बंद भाव से 0.39 फीसदी गिरकर कारोबार कर रही हि। गुरुवार को एमसीएक्स पर सोने का भाव 1.05 फीसदी टूटकर और चांदी में 2.12 फीसदी की गिरावट रही। शुक्रवार को वायदा बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह कल के बंद भाव से 6 रुपए गिरकर 54101 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को सोने का भाव 54157 रुपए पर खुला कल 575 रुपए गिरकर 54099 रुपए पर बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी भी लाल निशान में कारोबार कर रही है। चांदी की कीमत आज कल के बंद भाव से 256 रुपए टूटकर 67562 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी का भाव आज 67673 रुपए पर खुला था। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का वायदा भाव 1472 रुपए गिरकर 67830 रुपए पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोना और चांदी का भाव औंधे मुंह गिरा है। सोने का हाजिर भाव शुक्रवार को कल के बंद भाव के मुकाबले 1.53 फीसदी गिरकर 1780.01 डॉलर प्रति औंस हो गया है। वहीं चांदी का भाव भी आज गिरा है। चांदी का भाव 3.48 फीसदी लुककर 23.02 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

# रॉयल एनफील्ड कई नए मॉडल लाने की तैयारी में

नई दिल्ली । कंपनी रॉयल एनफील्ड भारतीय बाजार में कई नए मॉडल लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी एक नया 450सीसी प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। इसका इस्तेमाल नई हिमालयन 450 और एक नई नेकेड बाइक सहित 5 मोटरसाइकिलों को विकसित करने के लिए किया जाएगा। रॉयल एनफील्ड ने आधिकारिक तौर पर जनवरी 2023 में देश में नए सुपर मीटियर 650 को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके अलावा कंपनी एसजी650 कॉन्सेप्ट पर आधारित एक नए क्लासिक 650 और शॉटगन 650 की भी टेस्टिंग कर रही है। इसे जोड़ते हुए रॉयल एनफील्ड एक नया बुलेट 650 और एक फेयर्ड कॉन्टिनेंटल जीबी 650 विकसित कर रहा है।मजे की बात यह है कि रॉयल एनफील्ड स्क्रैम या स्क्रैम्बलर 650 को भारत में टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है। इससे पता चलता है कि मोटरसाइकिल को 2023 में कभी भी लॉन्च किया जा सकता है। रॉयल एनफील्ड को मोटरसाइकिल के कुल वजन को कम करने के लिए कुछ बदलाव करने की आवश्यकता होगी। ब्रांड के लेटेस्ट क्रूजर सुपर मीटियर 650 का वजन 241 किलोग्राम है जो इंटरसेप्टर 650 की तुलना में 39 किलोग्राम भारी है।

# आईफोन 15 अल्ट्रा की कीमत 14 प्रो मैक्स होगी ज्यादा

नई दिल्ली । पूर्व में खबर आई थी कि ऐपल आईफोन 15 अल्ट्रा आईफोन 14 प्रो मैक्स से ज़्यादा महंगा होगा और अब जो रिपोर्ट सामने आई है उससे पता चला है कि आईफोन 15 प्रो मैक्स की कीमत ऐप्ल आईफोन 14 प्रो मैक्स के मुकाबले रुपए 200 ज़्यादा होगी। सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया कि ऐपल आईफोन 15 अल्ट्रा 1299 यूएसडी की शुरुआती कीमत के साथ आ सकता है।अगर इसकी तुलना इस साल के सबसे महंगे आईफोन से की जाए तो बता गें कि आईफोन 14 प्रो मैक्स के बेस प्राइज की कीमत रुपए 1099 है। अगर लीक सच साबित होता है तो आने वाले आईफोन 15 अल्ट्रा की कीमत आईफोन 14 प्रो मैक्स से 200 अमेरिकी डॉलर ज़्यादा हो सकती है और ये आईफोन इतिहास में सबसे बड़ा प्राइज़ गैप हो सकता है।रिपोर्ट के अनुसार स्मार्टफोन 256 जीबी की बेस मॉडल स्टोरेज के साथ आ सकता है। फोन का टॉप-एंड वैरिएंट 1 टीबी तक की इंटरनल स्टोरेज की पेशकश कर सकता है जिसकी कीमत 1799 अमेरिकी डॉलर (लगभग 148000 रुपये) होने की उम्मीद है। ऐपल आईफोन 15 अल्ट्रा के मौजूदा ए16 की तुलना में एक पावरफुल प्रोसेसर से लैस होने की उम्मीद की जा रही है।

ऐसा कहा जा रहा है कि यह पिछले मॉडल की तुलना में इसमें ज़्यादा रैम दी जा सकती है और इसे प्रीमियम टाइटेनियम बॉडी के साथ पेश किया जा सकता है।टाइटेनियम न सिर्फ आने वाले ऐपल आईफोन 15 अल्ट्रा को एक प्रीमियम अहसास देगा बल्कि स्मार्टफोन को हल्का मजबूत और स्टील के मुकाबले ज़्यादा स्क्रैच रेसिस्टेंट भी बनाएगा। टाइटेनियम केस मौजूदा आईफोन में इस्तेमाल होने वाले मैटेरियल से 35 गुना ज्यादा महंगा होगा।

# भिंड रोड़ ग्वालियर स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में किया तुलसी पूजन एवं हिंदू संस्कृति को उत्साह दिया





**पुष्पांजली टुडे मालनपुर ब्यूरो**
**पहलवान सिंह राजावत**
**मालनपुर संवाददाता**

आज शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार ने हिंदू संस्कृति को उत्साह दिया एवं तुलसी के महत्व बताएं और तुलसी पूजन पूरे विधि विधान के साथ पंडित पुरुषोत्तम लाल शर्मा द्वारा किया गया जिसमें स्कूल के समस्त बच्चों ने भाग लिया एवं कार्यक्रम में 6 क्लास बच्चे शिवम चौरसिया ने बताया कि तुलसी श्री विष्णु भगवान अति प्रिय है क्योंकि श्री विष्णु भगवान की पूजा बगैर तुलसी की नहीं की जाती और वह सार्थक भी नहीं होती इसी प्रकार घर में तुलसी का पौधा लगाने से घर में सुख समृद्धि एवं धन वैभव बना रहता है तुलसी का प्रतिदिन सेवन करने से शरीर की अनेकों प्रकार की बीमारियों का नष्ट होती है और आपने घर में तुलसी का पौधा जरूर लगाए इसी प्रकार कक्षा पांचवी की छात्रा लक्ष्मी ने श्री बरसाने की छोरी के गीत पर ड्रांस किया बता दें कि नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 1 बच्चों का समूह बनाकर साथ में यह जानकारी दी कि स्कूल स्कूल चले हम के गाने पर लोगों को एक सीख दी की सुबह-सुबह स्कूल आना कितना जरूरी है अपने भविष्य के लिए और नगर पालिका सीएमओ मनोज शर्मा ने शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक का ऐसे सराहनीय कार्य करने पर फूल माला पहनाकर सम्मान किया एवं शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक ने सभी को तुलसी के पौधे वितरित किए जिस में उपस्थित रहे रितु तिवारी ,नेहा सिंह ,पूजा भदौरिया ,अनूप त्यागी ,राजेश, सुमन लता, सुनील कुमार, विवेक सिंह, आरती शर्मा ,अर्जुन सिंह, आरती पाल ,राखी मुद्गल, इंद्ररमन ,लक्ष्मी, एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक पत्रकार बंधु डॉक्टर परमाल सिंह तोमर, बृजभूषण सिंह कुशवाह, लालजी सिंह भदोरिया, गिर्राज वेसादर , सचिन शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, बृजेंद्र पाल बंसल, ,बृजेश सिंह, आदि लोग रहे

# बिना मास्क के निकले तो होगा चालान

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना।**दुनियाभर में कोरोना व ओमिक्रोन को लेकर अलर्ट जारी हो चुका है । वही देश के साथ प्रदेश में भी सभी सावधानियां बरते जाने के लिए आला अधिकारियों की बैठकों का दौर शुरू हो गया है । बैठक में लिए गए फैसले को नगरवासियों तक पहुंचाने के लिए एसपी मुरैना आशुतोष बागरी ने एक संदेश जारी किया है । जिसमें सभी से अपील की गई हैं । लोग पहले की ही तरह सभी सावधानी बरतें जिसमे सड़कों पर जाने से पहले मास्क जरूरी है । किसी परेशानी से बचने के लिए एसपी मुरैना आशुतोष बागरी ने अपील



करते हुए कहा फोर्स को अलर्टकर दिया गया है और अब बिना मास्क निकले लोगों का चालान काटा जाएगा । साथ ही एसपी मुरैना ने कहा मास्क के साथ दो गज की दूरी बनाए रखें , घरों से किसी जरूरी काम के लिए ही निकले किसी भी जगह भीड़ न जुटाए ।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय सदका में श्री कालीचरण विश्वकर्मा भांडेर विधानसभा अध्यक्ष विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश द्वारा

**पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे**

श्रीराजेंद्रकुमारश्रीवास्तव शिक्षक को सेवा काल पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई एवं सभी उपस्थित लोगों ने सॉल श्रीफल देकर सम्मान किया इस अवसर पर श्री कालीचरण विश्वकर्मा ने शॉल श्रीफल भेंट किया एवं सभी शिक्षक श्री हरि प्रकाश वर्मा प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री सुनील कुमार गुप्ता प्रधानाध्यापक श्री प्रमोद पाठक शिक्षक श्री महेश बाबू स्वर्णकार सेवानिवृत्त शिक्षक श्री जमुना प्रसाद विश्वकर्मा आनंद कुमार श्रीवास बिहारी परिहार सुमित विश्वकर्मा एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैलारस- शा. कालेज में वीर बाल दिवश मनाया गया

**मुरैना से गौरब शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस** - राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं सभी छात्र / छात्राओं ने सहभागिता की । कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र कुमार जाटव द्वारा किया गया एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.शिव चरण जी द्वारा बताया सिख्खों के दसवे गुरू गुरू गोविंद सिंह के दो पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह ओर फतेह सिंह को ओरंगजेब द्वारा किस प्रकार से धर्म परिवर्तन के लिये प्रताडित किया गया परंतु दोनों बालकों ने जिनकी आयु नौ वर्ष और छः वर्ष थी इतनी छोटी उम्र में दोनों वीर बालकों ने इस्लाम धर्म कबूल नहीं किया अंत में दोंनों बालकों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया । इनके बलिदान को याद कर मध्यप्रदेश शासन द्वारा वीर बाल दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया इसी क्रम में डॉ. राजीव शर्मा,श्री दर्शन गिरी,डॉ. रामेंद्र सिंह , सुश्री प्रियंका साहू एवं सभी प्राध्यापकों ने अपने अपने विचार रखे तथा छात्र / छात्राओं ने भी अपने विचारों को व्यक्त । अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार जाटव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं छात्र / छात्राओं को स्वल्पहार वितरत किया गया ।




# अम्बाह लाठी फरसा से हमला करने बाले तीन दोषियो को सुनाई तीन तीन साल की सजा

**केशब पंडित जी अम्बाह**



**अम्बाह...** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अम्बाह की अदालत ने शुक्रवार को लाठी फरसों से हमला करने बाले एक परिवार के सदस्यों को घायल करने वाले तीन आरोपितों को तीन - तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है । इसके साथ ही अर्थदंड भी लगाया है । इस मामले में शासन की ओर से पैरवी कर रहै अपर लोक अभियोजक रामसेवक मिश्रा ने की ।अभियोजन के मुताबिक गूंज बंधा गांव में फरियादी रामवीर शर्मा की खेत की मेड को लेकर गांव के ही रामसुख शर्मा से विवाद चला आ रहा था । जिसको लेकर गत 15 जुलाई 2012 को समाजिक पंचायत बुलाई गई । जिसमें फिर से विवाद हो गया । जिस पर रामसुख शर्मा व उसके स्वजन संजय , नंदकिशोर व सबसुख पुरा के महेश तोमर ने लाठी फरसों से रामवीर शर्मा व उसके स्वजन पर हमला कर दिया । इस हमले में रामवीर सहित उसके बेटे व भाईयों को गंभीर चोटें आई । पुलिस ने इस मामले में रामवीर की फरियाद पर चारों आरोपितों पर मामला दर्ज किया गया । जिसके बाद मामला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में चला । जहां सुनवाई के साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय आरोपित रामसुख, संजय, व नंदकिशोर को तीन - तीन साल की सजा सुनाई।

# महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा नि :शुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर में 225 लोगों का पंजीयन, 92 मरीज मोतियाबिंद चिंन्हित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**
**बालाघाट**

लांजी- जिले की लांजी तहसील में महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा 24 दिसंबर दिन शनिवार को क्षेत्र के ग्राम पालडोंगरी के मंदिर परिसर में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन श्री रुखड की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इन्द्रकुमार कावड़े, महेंद्र उमरे उपसरपंच, गणेशराम नारनौरे सरपंच, योगराज उमरे, गिरधर कावड़े, सुरेंद्र उमरे पूर्व उपसरपंच, सुनील उमरे, संतोष कावड़े, अनिल सोरकुरे, रोशनलाल राउत, प्रेमलाल सोनवाने, गणेश उमरे, व हनुमान मंदिर, रुख्खड़ मंदिर समिति के सदस्यों की उपस्थिति में तथा

ग्राम पंचायत सरपंच ,उपसरपंच, समस्त पंच एवं वरिष्ठ नागरिकों के पूर्ण सहयोग से संपन्न हुआ।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में चिन्हित किए गए मोतियाबिंद मरीजों को संस्था के सारी सुविधाओं के माध्यम से ऑपरेशन के लिए जबलपुर प्रस्थान किया गया। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन विशाल राउत खोंगल ने बताया की शिविर प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक जारी रहा, जंहा पर शिविर में पालडोंगरी, रामपुरा, अमेडा पा, फोफसा, भवानीटोला, बोरी , साड़रा, दहेगांव, करेजा, कटंगी, कुम्हारी खुर्द, पाथरगांव, कटंगी, कुम्हारीकला के ग्रामीण जनों ने सेवा का लाभ लिया । 225 लोगों का पंजीयन किया गया तथा 92 मरीज मोतियाबिंद चिंन्हित किया गया। शेष मरीज बीपी शुगर के चलते अनफिट पाए गए । उपस्थित महिला पुरुषों सभी की जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार जिन्हें आवश्यक हो उनकी जांच निशुल्क बीपी शुगर एवं आवश्यक दवाइयां उन्हें निशुल्क दी गई और मार्गदर्शन दिया। जिसमें संस्था के प्रशिक्षक डॉ कर्मवीर सिंह, डॉ अरशद खान के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं उनके स्वास्थ्य की जांच निशुल्क बीपी शुगर तथा संबंधित रोगों के विषय में विस्तृत जानकारी दी।



**महावीर इंटरनेशनल की टीम का मिला सहयोग-** शिविर में निःशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यर्पण ऑपरेशन की जांच हेतु आयोजित शिविर के जनहित अवसर पर विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर और चेयरमेन लांजी, इंद्रकुमार कावड़े, अरशद खान, फणींद्र दुरुगकर, योगराज उमरे, राधेश्याम नखाते उपसरपंच लाडसा, पवन खरखाते, रूपेश नखाते समस्त स्थानिय जन तथा महावीर इंटरनेशनल लांजी के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जालोर नोसरा पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल को किया निलंबित

## लोगों ने की निष्पक्ष जांच करने की मांग

**पुष्पांजलि टुडे।संवाददाता।जालोर पाली राजस्थान**



जालोर पाली राजस्थान - जालोर के नोसरा पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल रुपसिंह को बिना जांच पड़ताल किए एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल जिला पुलिस अधीक्षक जालोर ने निलंबित के निर्देश दिए । जिसकों लेकर जालोर जिले के नोसरा पुलिस थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र कि जनता आक्रोशित है। लोगो ने कहा कि निलंबित हेड कांस्टेबल की निक्षप्क्ष जांच की जाए। नोसरा पुलिस थाना क्षेत्र के भवरानी गाँव में मारपीट करने की घटना सामने आई थी, शराब के ठेके को रात 8 बजे बाद बंद करवाने के लिए गए हेड कांस्टेबल रुपसिंह व कास्टेबल बाबूलाल दोनों मौके पर पहुचे। पुलिस ने सेल्समैन को शराब बेचने से मना किया तो लाठी से हमला कर दिया। हमले में हेड कांस्टेबल रुपसिंह के हाथ पर गंभीर छोटे आई , और सेल्समैन नकलसिंह उम्र 45 पुत्र कान सिंह राजपूत निवासी भागवा पुलिस थाना सिवाना जिला बाड़मेर ने रुपसिंह के मोबाइल फोन छिन कर ठेके के अन्दर फ्रिज के पिछे चुपा कर रखा गया । नकलसिंह शराब के नशे की हालत में थे,तो हेड कांस्टेबल रुपसिंह अपना मोबाइल लेने के लिए ठेके के अन्दर प्रवेश करते ही नकलसिंह ने फिर से लोहा के टिफिन से सिर पर वार करने की कोशिश कि गई, बड़ी मुश्किल से अपना मोबाइल वापस लिया गया। उसके बाद ठेके में लगे सीसीटीवी फुटेज में सिर्फ छिना हुआ अपना मोबाइल पाया गया। फिर भी फुटेज के आधार पर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल ने सेल्समैन नकलसिंह पर कार्रवाई की जगह निर्दोष हेड कांस्टेबल रुपसिंह को निलंबित कर दिया गया। जिसकों लेकर जालोर जिले में अफरा तफरी का माहौल हो गया है। जनता की एक ही मांग है कि निक्षप्क्ष जांच कर निलंबित रुपसिंह का आदेश वापस लिया जाए।

# कार्यकर्ताओं का प्यार और विश्वास मेरे जीवन की असल पूंजी: रमेश सक्सेना

सीहोर। समाज सेवा को ही मैने हमेशा अपना ध्येय माना है। राजनीति को कभी मैने धन अर्जन करने का माध्यम नहीं बनाया है। कार्यकर्ताओं का प्यार और विश्वास ही मेरे जीवन की असल पूंजी है। मेरे क्षेत्र की जनता ही मेरी असली ताकत है। अपने राजनीतिक सफर में आम जनता

## शशांक सक्सेना के नेतृत्व में निकली विशाल वाहन रैली, हजारों युवा रहे शामिल

के सुख दुख में हमेशा उनके साथ खड़ा रहा हूं, उनकी समस्या को अपनी समस्या माना है, और निराकरण का हर संभव प्रयास किया है। जन मुददों के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया है। और आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। यह बात पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। वहीं वह शहर के चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश का आर्शीवाद प्राप्त किया।

शनिवार को सहकारिता नेता और पूर्व विधायक रमेश सक्सेना का जन्म दिन उनके समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। शहर में अनेकों स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। जन्मदिन के अवसर पर श्री सक्सेना को हजारों की संख्या में लोगों ने



यशराज गार्डन पहुंचकर बधाई दी, किसी ने पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तो किसी ने साफा बांधकर उनका सत्कार किया। यहां पर कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

**शशांक के संग निकले हजारों युवा**-कांग्रेस नेता और




जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना के नेतृत्व में विशाल वाहन रैली ग्रामीण क्षेत्र से निकाली गई। रैली में हजारों की संख्या में उत्साही युवा दो पहिया वाहनों पर सवार थे, कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। रैली ग्राम बरखेड़ा हसन में श्री हनुमान चालीसा का पाठ के बाद शुरू हुई जो अहमदपुर, दोराहा, झरखेड़ा, मुंगावली होते हुए जमोनियां से भोपाल नाका पहुंची। यहां इसमें शहरी क्षेत्र के समर्थक और कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्य बाजार से होते हुए लुनिया चौराहा सथित यश राज गार्डन पहुंची। वाहन रैली का नगर में अनेकों स्थानों पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, सभी का पूर्व विधायक रमेश सक्सेना और उनके पुत्र जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना ने आत्मीय आभार व्यक्त किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की जन्म स्मृति में होगा कवि सम्मेलन आयोजित

**पुष्पांजली टुडे**

गोहद-पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपयी की जन्म स्मृति के उपलक्ष्य पर 25 दिसम्बर को कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के विजेता हास्यकवि सुरेश अलबेला, कवि सुमित ओरछा, कवि मोहन मुंतड़िर, कवियित्री सपना सोनी, कवि अजय अंजाम और कवि उपेंद्र पांडेय पधारेंगे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष विवेक जैन ने बताया कि दोपहर 1:00 बजे से नगरपालिका प्रांगण में युवा मोर्चा का खिलता कमल कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक कवि थे जिनकी याद में शाम सात बजे से एक शाम अटल जी के नाम कार्यक्रम में कवियों द्वारा कविता गायन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य मौजूद रहेंगे जिनके आतिथ्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी मंच से सम्मानित किया जाएगा प्रेस वार्ता के दौरान मंडल अध्यक्ष विवेक जैन महामंत्री आशीष शर्मा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री विनोद माहोर मीडिया प्रभारी सौरभ पांडे राजेश नागर आदि मौजूद रहे।



# स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में होगी रामकथा

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय संत एवं प्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण महाराज के श्रीमुख से लटेरी में श्री रामकथा का आयोजन होगा। स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोक कल्याण न्यास के तत्वावधान में भव्य और

## 24 जनवरी से लटेरी में प्रेमभूषण महाराज के श्रीमुख से होगा आयोजन

दिव्य रूप से आयोजित होने वाली इस सात दिवसीय कथा आयोजन की तैयारियों को लेकर शनिवार को न्यास के सदस्यों की एक बैठक संस्कार गार्डन में आयोजित की गई। 24 जनवरी को लटेरी के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित होने वाली रामकथा आयोजन की तैयारियों की बैठक को संबोधित करते हुए न्यास के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने कहा कि लक्ष्मी कांत जी की धर्म के प्रति निष्ठा और श्रद्धा रोम रोम में बसी हुई थी सिरोंज के गणेशोत्सव नवरात्रि सहित अनेकों उत्सवों को भव्य रूप से मानने के लिए पूरे मनोयोग से काम करते थे उनके प्रयासों से इन आयोजनों ने राष्ट्रीय स्तर की पहचान स्थापित की। मसानिया मंदिर,देवपुर,मदागन, सहित क्षेत्र के अनेकों देवस्थानों का उन्होंने जीर्णोद्धार कराकर अपनी धर्म के प्रति आस्था ओर समर्पण को परिलक्षित किया है। कार्तिक स्नान,सिरोंज की नगर परिक्रमा जैसी अनेकों परंपराएं जो लुप्त हो गई थी उनको पुनः स्थापित करने का काम लक्ष्मीकांत शर्मा ने आप सभी के सहयोग से किया है यह हम सबके लिए प्रेरणा की बात है।



**न्यास के वरिष्ठ सदस्य श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि हम सबके-** सनातन धर्म के लिए हमेशा झंडा ऊँचा करने का काम उन्होंने किया है। आज वास्तव में लक्ष्मीकांत जी गणेश की अथाई के बेटे नही बल्कि क्षेत्र के जन जन की धरोहर है भले ही आज वह हम सबके बीच मे नही है लेकिन उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखना हम सबका परम कर्तव्य है। उन्होंने बैठक में उपस्थित न्यास के सभी सदस्यों से पूरे मनोयोग से रामकथा के लोककल्याणकारी आयोजन में सहयोग करने का आव्हान किया। इसके पूर्व बैठक का शुभारंभ संतो और न्यास के सदस्यों ने श्री कृष्ण ओर स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के प्रमुख संत पुरषोत्तम दास त्यागी,आर्य धर्म गुरु मुनि महाराज,उनारसी के कथावाचक संत परुषोत्तमदास शर्मा को विराजमान किया गया था। बैठक को लक्ष्मण सिंह बघेल,रामगुलाम राजौरिया, बनबारी लाल साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रणधीर सिंह बघेल,दिनेश शर्मा,जिला पंचायत सदस्य दरयाब सिंह कुर्मी,एसडीएम प्रवीण प्रजापति, सत्यनारायण शर्मा,महेंद्र सिंह दाँगी,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,जितेंद्र बघेल,भारतसिंह राजपूत,नारायणदास साहू रमेश यादव,कैलाश शर्मा,राजेन्द्र गर्ग,शिवकुमार भार्गव आदि के साथ सिरोंज लटेरी क्षेत्र के सैकड़ों सदस्यगण उपस्थित थे।

# अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह आज

**सीहोर।**लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकार स्व. श्री अंबादत्त भारतीय स्मृति सम्मान समारोह रविवार को नगर के रुकमणी गार्डन में सुबह 11. 30 बजे से आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी देते हुए अंबादत्त भारतीय स्मृति संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष श्री रघुवर दयाल गोहिया ने बताया कि इस वर्ष स्व. भारतीयजी की नवम पुण्य तिथि पर श्री गोहिया ने बताया कि समारोह में राजधानी भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री शरद द्विवेदी को राष्ट्रीय स्तरीय, राजग? के वरिष्ठ पत्रकार श्री भानु ठाकुर को राज्य स्तरीय और सीहोर के वरिष्ठ पत्रकार श्री सुमित शर्मा को जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।समारोह में जिला पंचायत के अध्यक्ष इंजी. श्री गोपाल सिंह मुख्य अतिथि, भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री राघवेंद्र सिंह, सीहोर के विधायक श्री सुदेश राय, पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री बलबीर तोमर, जिला पंचायत सदस्य श्री शशांक सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोज अग्रवाल भोपाल, भोपाल के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जयप्रकाश पालीवाल तथा जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री राकेश राय को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्री गोहिया ने सभी पत्रकार साथियों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों और नागरिकों से उक्त समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।



# चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में उर्वशी रौतेला करेंगी एक विशेष गीत



निर्देशक बॉबी कोह्ली की आगामी एक्शन एंटरटेनर वाल्टर वीरैया, जिसमें मेगास्टार चिरंजीवी और रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं, में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी एक विशेष गीत में नजर आएंगी। सूत्रों ने पहले खुलासा किया था कि, फिल्म में चिरंजीवी और रवि तेजा दोनों पर एक बड़ी संख्या होगी, जिसे हाल ही में हैदराबाद में शूट किया गया था। अब, सूत्रों का कहना है कि फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी और ग्लैमरस दिवा उर्वशी रौतेला पर एक विशेष गीत भी शूट किया जाएगा। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने फुट-टैपिंग नंबर बनाया है जिसका उच्च प्रतिधारण मूल्य होगा। टॉप कोरियोग्राफर शेखर मास्टर ने इस धमाकेदार गाने को कोरियोग्राफ किया है। मेत्री मूवीज मेकर्स इस फिल्म को बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस कर रहे हैं।फिल्म में श्रुति हासन चिरंजीवी के साथ नायिका की भूमिका निभा रही हैं। सभी व्यावसायिक सामग्रियों के साथ एक बड़े पैमाने पर एक्शन एंटरटेनर होने के लिए बिल किया गया, यह फिल्म नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित की गई है, जबकि जी.के. मोहन सह-निर्माता हैं। आर्थर ए. विल्सन कैमरा क्रैंक करते हैं, जबकि निरंजन देवरामन संपादक हैं और ए.एस. प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सुष्मिता कोनिडेला कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। जहां कहानी और संवाद बॉबी ने खुद लिखे हैं, वहीं कोना वेंकट और के. चक्रवर्ती रेड्डी ने पटकथा लिखी है। लेखन विभाग में हरि मोहन कृष्ण और विनीत पोटलुरी भी शामिल हैं।

## ब्रालेट पहन जब नम्रता मल्ला ने दिखाया अपना कर्वी फिगर, फोटोज देख सर्दी में लोगों के छूटे पसीने

भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस पर बिजलियां गिराने वाली एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की लेटेस्ट तस्वीरें धमाल मचाए हुए हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती है। बोल्ड और सेक्सी अंदाज के लिए जानी जाने वाली नम्रता मल्ला की फोटोज देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। नम्रता मल्ला अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस को घायल कर दिया है। ग्लैमरस और सेक्सी तस्वीरों को देखकर सोशल मीडिया का पारा हाई है। नम्रता मल्ला ने स्पोर्ट्स ब्रा और व्हाइट शॉर्ट्स में काफी अट्रैक्टिव पोज दिए। एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस और बोल्ड अंदाज से बड़ी बड़ी एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर देती हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जग्गू की लालटेन में आइटम डांस किया है। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने डीपनेक ब्रा में अपनी क्लीवेज फ्लॉन्ट की। साथ ही नम्रता मल्ला इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की इन तस्वीरों पर फैंस अपना प्यार बरसा रहे हैं। साथ ही तरह तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपनी फिटनेस के वीडियो यूट्यूब पर भी शेयर करती रहती हैं। नम्रता मल्ला के इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं।



# अभिषेक बच्चन, फरहान अख्तर, मनीष पॉल अगले साल करेंगे आईफा की मेजबानी





आईफा के नाम से मशहूर अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी अपने 23वें संस्करण के साथ लौट रहा है और फरवरी 2023 में अबू धाबी में आयोजित की जाएगी। इसकी मेजबानी बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन, मल्टी-हाइफनेट फरहान अख्तर और टेलीविजन स्टार मनीष पॉल करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, अभिषेक बच्चन ने कहा, मैं वाईएएस द्वीप, अबू धाबी में आईफा के 23 वें संस्करण की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हूं। आईफा मेरे लिए परिवार की तरह है। मैं मनोरंजन करने, प्रशंसकों से मिलने और उनके साथ विश्व स्तर पर जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। आगामी संस्करण में सलमान खान, वरुण धवन, करण जौहर, कृति सनोन जैसे बड़े सितारे और कई अन्य लोग भी उपस्थित होंगे। सह-मेजबान फरहान अख्तर ने एक बयान में कहा, आईफा एकमात्र वैश्विक मंच है जिसने दुनिया की यात्रा की है। इसने दुनिया भर से सिनेमा प्रेमियों को करीब से खरीदा है। हमेशा की तरह, मैं आईफा सप्ताहांत के अगले संस्करण की प्रतीक्षा कर रहा हूं और पुरस्कार और इसकी सह-मेजबानी करने के लिए उत्साहित हूं।आईफा 2023 का आयोजन संस्कृति और पर्यटन विभाग - अबू धाबी और मिरल के सहयोग से 9 फरवरी से 11 फरवरी, 2023 तक अबू धाबी के यस द्वीप के एतिहाद एरिना में किया जाएगा। अभिषेक और फरहान के साथ शो की सह-मेजबानी करने वाले मनीष पॉल ने कहा, आईफा के 23वें संस्करण की मेजबानी के लिए एक बार फिर मंच पर आने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह हमेशा मजेदार होता है और लाइव दर्शकों से हमें जो प्रतिक्रिया मिलती है वह असली है। यह मेरे सुपर अद्भुत सह-मेजबानों के साथ बड़ा और उज्जवल होने जा रहा है। इसका आनंद लेने और बहुत मजा करने के लिए उत्सुक हूं।आईफा वीकेंड एंड अवार्डस पर्यटन, व्यापार और गंतव्य के लिए फिल्म निर्माण व्यवसाय में दीर्घकालिक प्रभाव के लिए एक बड़ा अवसर पेश करने के उद्देश्य से एकजुटता और सकारात्मकता का उत्सव होगा।

# प्रभास और दीपिका की प्रोजेक्ट के ईद पर सलमान की फिल्म से टकराएगी!

साउथ सुपरस्टार प्रभास और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण फिल्म प्रोजेक्ट के पर काम कर रहे हैं। साउथ निर्देशक नाग अश्विन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसी बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मेकर्स इस फिल्म को 2024 में ईद के मौके पर रिलीज करेंगे, जिसके चलते इसकी टक्कर सलमान खान की फिल्म से होगी। सलमान अभिनीत अली अब्बास जफर की फिल्म भी 2024 में ईद को सिनेमाघरों में आ सकती है।

- रिपोर्ट के अनुसार, प्रोजेक्ट के की संभावित रिलीज डेट 10 अप्रैल, 2024 तय की गई है। अगर रिलीज की यह तारीख पक्की नहीं होती है, तो इसे अप्रैल के अंतिम सप्ताह में दर्शकों के बीच लाने का विचार किया गया है। सूत्र ने कहा, आइडिया फिल्म को ईद 2024 के वीकेंड के दौरान लाने का है। यह छुट्टियों से भरा सप्ताह है। इसमें ईद, अम्बेडकर जयंती, तमिल नव वर्ष और राम नवमी सात दिनों के अंतराल में मनाई जाएगी।



- खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत तक खत्म हो जाएगी। इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन काम शुरू किया जाएगा। यह वीएफएक्स से भरी फिल्म है, इसलिए इसके पोस्ट-प्रोडक्शन में लगभग एक साल का समय लग सकता है। टीम ने फिल्म में तीसरे विश्व युद्ध का एक काल्पनिक प्लॉट भी शामिल किया है। यही वजह है कि इस प्रोजेक्ट में मेकर्स को अधिक समय लगेगा।
- अली अब्बास जफर की फिल्म को लेकर सलमान पिछले कुछ समय से चर्चा बटोर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 2017 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म टाइगर जिंदा है के लिए हाथ मिलाया था। सलमान ने फिल्म के लिए मौखिक तौर पर हामी भर दी है। मेकर्स अगले साल जून में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म को ईद के मौके पर 2024 में रिलीज करने की बात चल रही है।



- सलमान की टाइगर 3 अगले साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण किया गया है। इसमें एक बार फिर कैटरीना कैफ उनके साथ नजर आएंगी।
- प्रोजेक्ट के एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें एक्शन का भरपूर डोज शामिल होगा। इसमें अमिताभ बच्चन और दिशा पाटनी जैसे सितारे नजर आएंगे। फिल्म में पहली बार दीपिका और प्रभास की जोड़ी दिखेगी। इसका लेखन निर्देशक नाग ने ही किया है। वैजयंती मूवीज फिल्म का निर्माण कर रही है। इस तेलुगु फिल्म को ना सिर्फ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में, बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी बनाए जाने की तैयारी है।

# संजय दत्त ने दीपक मुकुट के साथ पहली फिल्म द वर्जिन ट्री के लिए मिलाया हाथ



अभिनेता संजय दत्त ने निर्माता दीपक मुकुट की सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के साथ अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री के लिए हाथ मिलाया है। फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है जिसमें सनी सिंह, मौनी रॉय, पलक तिवारी, आसिफ खान और नवोदित बेयॉनिक के लिए लॉन्च वाहन भी शामिल हैं। यह सिद्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित और वानुक्ष अरोड़ा और सिद्धांत सचदेव द्वारा लिखित है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, संजय दत्त कहते हैं, मैं उस फिल्म का समर्थन करने के लिए खुश हूं, जिसकी मुझे तलाश थी। यह फिल्म कॉमेडी और हॉरर का सही मिश्रण है, जिसमें ठंड और रोमांच का सही संतुलन है। मैं हमेशा उद्योग में युवा नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना चाहता था और इस फिल्म के साथ हम एक नए निर्देशक को लॉन्च करते हैं। मैं उनके अच्छे समय और आगे की शानदार शूटिंग की कामना करता हूं।अभिनेता-निर्माता की प्रशंसा करते हुए दीपक मुकुट कहते हैं, संजय दत्त सिनेमा की विरासत हैं। उनके रूप में, मुझे कोई ऐसा मिला है जो मेरी अपनी रचनात्मक दृष्टि पर मेरे साथ संरेखित है।निर्देशक सिद्धांत सचदेव कहते हैं, यह मेरे लिए एक स्वप्निल अवसर है।मैं संजय सर का मुझ पर विश्वास करने के लिए और मेरे दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए दीपक मुकुट सर का बहुत आभारी हूं। द वर्जिन ट्री, सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शन का निर्माण दीपक मुकुट और संजय दत्त द्वारा किया जा रहा है, जो सिद्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित है, जो हुनर मुकुट द्वारा सह-निर्मित है। यह सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट है।

## एक्शन फिल्म में काम करेंगे अहान शेट्टी

बॉलीवुड के माचो हीरो सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी एक्शन फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। अहान शेट्टी ने मिलन लुथारिया के निर्देशन में बनी फिल्म 'तड़प' से अपने करियर की शुरूआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया नजर आई थीं। अहान शेट्टी अपनी दूसरी फिल्म को लेकर तैयार हैं। उन्होंने दूसरी फिल्म को साइन कर लिया है और अगले साल 2023 की शुरूआत में फिल्म की शूटिंग करने के लिए पूरी तरह हैं। बताया जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म है और इसे साउथ के फिल्ममेकर द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इस फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में की जाएगी और एक इंटरनेशनल शेड्यूल भी होगा। इस फिल्म में अहान शेट्टी का किरदार 'द ग्रे मैन' के रयान गोसलिंग पर आधारित है। उनकी यह फिल्म

# नारी के आकर्षण को बढ़ाने का काम करते हैं होंठ, इन तरीकों से दें इन्हें निखार

खूबसूरत गुलाबी होंठों की चाहत सभी महिलाओं को होती है जो कि आपकी मुस्कान को सुंदर बढ़ाने के साथ ही रूप निखारने का भी काम करते हैं। होंठ नारी के आकर्षण को बढ़ाने का काम करते हैं। लेकिन अक्सर देखा जाता हैं कि होंठो की नमी छिन जाने या ब्यूटी प्रॉडक्ट्स के इस्तेमाल से होंठ काले हो जाते हैं और इनकी खूबसूरती कम हो जाती है। गुलाबी होंठों की चाहत भला किस महिला को नहीं होती। वहीँ, अगर गुलाबी होंठ हो तो चेहरे की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। यही वजह है कि हर कोई गुलाबी होंठ पाने की चाह रखता है। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे घरेलू उपाय लेकर आए हैं जिनकी मदद से होंठों को निखार देने में मदद मिलेगी। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में



### चुकंदर

सबसे पहले चुकंदर को अच्छी तरह से धो लें फिर इसका छिल्का उतारकर घियाकस से कस लें या कद्दूकस कर लें। इसके बाद कद्दूकस किया हुआ चुकंदर सुखा लें। सूखे चुकंदर को पीस कर पाउडर बनाएं। दो चम्मच चुकंदर के पाउडर को दो चम्मच बादाम के तेल में मिलाकर टिंट बना लें। इसे किसी साफ जार या किसी छोटी शीशी में भरकर फ्रीज में रख लें। दिन में 2 से 3 बार व रात में होठों को साफ करके उंगली से लगाकर सो जाएं।

### नींबू

नींबू का इस्तेमाल अक्सर काले घेरों को दूर करने के लिए किया जाता है। आप इसका इस्तेमाल होंठों के कालेपन को दूर करने के लिए भी कर सकती हैं। नींबू के ब्लीचिंग गुण होंठों के गहरी हो रही रंगत को कम करने में बहुत कारगर होते हैं। अच्छा रहेगा, अगर आप नींबू की कुछ बूंदों को अपने होंठों पर लगाकर सो जाएं। एक-दो महीने तक यह ऐसा करते रहने से होंठों का कालापन दूर हो जाएगा।

### गुलाब जल

गुलाबी होंठ पाने के लिए गुलाब से अच्छा उपाय भला और क्या हो सकता है। रोज़ वॉटर तो आपके घर में होगा ही, तो रोज़ वॉटर में थोड़ा-सा शहद मिलाएं और रोज़ाना इससे अपने होठों पर मलें। धीरे-धीरे आपके होंठ गुलाबी होने लगेंगे। इसके अलावा गुलाब के फूल की पत्तियों को थोड़े-से दूध में भिगो दें। इसमें थोड़ा-सा शहद मिलाएं। अब इस पेस्ट को रोज़ाना सोने के पहले होठों पर लगाएं। कुछ दिनों में आप पाएंगी कुदरती खूबसूरत होंठ।

### दूध और केसर

कच्चे दूध में केसर को पीसकर मिला लें, फिर उसे अपने होठों पर मलें। रोजाना इस प्रक्रिया को दोहराने से होठों का कालापन दूर तो होगा ही इसके साथ ही आपके होंठ पहले से कही ज्यादा खूबसूरत और आकर्षक भी हो जाएंगे।

### हल्दी पाउडर और बेसन

हल्दी पाउडर और बेसन को समान मात्रा में दूध के साथ मिलाकर पेस्ट बनाएं, तथा इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूख जाने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे चेहरे की चमक बनी रहती है। हल्दी त्वचा पर निशान या दाग को मिटाने में अच्छा कार्य करती है। यह एक बेहतर एंटीसेप्टिक है। त्वचा में चमक लाती है, तथा त्वचा संक्रमण समेत कई तरह के त्वचा रोगों के लिए रामबाण है।

### अनार

होंठों की देखभाल के लिए अनार से बढ़कर कुछ भी नहीं। ये होंठों को पोषित करने के साथ ही मॉइश्चराइज करने का काम भी करता है। होंठों की नमी लौटाने के साथ ही अनार उन्हें नेचुरली गुलाबी भी करता है। अनार के कुछ दानों को पीस कर उसमें थोड़ा सा दूध और गुलाब जल मिला लें। इस पेस्ट को होंठों पर हल्के हाथ से मलने पर जल्दी फायदा होता है।

### चीनी और मक्खन

चीनी एक एक्सफोलिएट के रूप में काम करता है। यह होठों पर मृत त्वचा हुई कोशिकाओं से छुटकारा पाने में मदद करता है। मक्खन रंग बढ़ाने और अपने होठों पर चमक बढ़ाने के लिए मदद करता है। मक्खन के दो चम्मच के साथ चीनी पाउडर के तीन चम्मच के साथ एक मिश्रण बनाए अपने होठों पर लगाएं।

# सहस्त्रों नमन है सभी मातृ शक्तियों को, जिन्होंने अपने प्रेम और मर्यादा में समस्त सृष्टि को बाँध रखा है



**राष्ट्र की आधार ज़जननी**
**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

साहित्यकार दिलीप मिश्रा से जानकारी के अनुसार, मैंने एक दिन अपनी पत्नी से पूछा - क्या तुम्हें बुरा नहीं लगता कि मैं बार-बार तुमको कुछ भी बोल देता हूँ, और डाँटता भी रहता हूँ, फिर भी तुम पति भक्ति में ही लगी रहती हो, जबकि मैं कभी पत्नी भक्त बनने का प्रयास नहीं करता..

मैं भारतीय संस्कृति का विद्यार्थी हूँ और मेरी पत्नी हिंदी की, परन्तु उसकी आध्यात्मिक शक्तियाँ मुझसे कई गुना ज्यादा हैं, क्योकि मैं केवल पढता हूँ और वो जीवन में उसका अक्षरतः पालन भी करती है। मेरे प्रश्न पर जरा वह हँसी और गिलास में पानी देते हुए बोली- यह बताइए कि एक पुत्र यदि माता की भक्ति करता है तो उसे मातृ भक्त कहा जाता है, परन्तु माता यदि पुत्र की कितनी भी सेवा करे उसे पुत्र भक्त तो नहीं कहा जा सकता।

मैं सोच रहा था, आज पुनः ये मुझे निरुत्तर करेगी। मैंने फिर प्रश्न किया कि ये बताओ, जब जीवन का प्रारम्भ हुआ तो पुरुष और स्त्री समान थे, फिर पुरुष बड़ा कैसे हो गया, जबकि स्त्री तो शक्ति का स्वरूप होती है..ड़

मुस्कुरातें हुए उसने कहा- आपको हिंदी साहित्य के साथ साथ थोड़ा विज्ञान भी पड़नी चाहिए।

मैं सकपका गया तब उसने कहना प्रारम्भ किया...दुनिया मात्र दो वस्तु से निर्मित है...ऊर्जा और पदार्थ।

पुरुष ऊर्जा का प्रतीक है और स्त्री पदार्थ की। पदार्थ को यदि विकसित होना हो तो वह ऊर्जा का आधान करता है, ना की ऊर्जा पदार्थ का। ठीक इसी प्रकार जब एक स्त्री एक पुरुष का आधान करती है तो शक्ति स्वरूप हो जाती है और आने वाले पीड़ियों अर्थात् अपने संतानों के लिए प्रथम पूज्या हो जाती है, क्योंकि वह पदार्थ और ऊर्जा दोनों की स्वामिनी होती है जबकि पुरुष मात्र ऊर्जा का ही अंश रह जाता है।

मैंने पुनः कहा- तब तो तुम मेरी भी पूज्य हो गई ना, क्योंकि तुम तो ऊर्जा और पदार्थ दोनों की स्वामिनी हो..

अब उसने कहा कि - आप भी पड़े लिखे मूर्खो जैसे बात करते हैं। आपकी ऊर्जा का अंश मैंने ग्रहण किया और शक्तिशाली हो गई तो क्या उस शक्ति का प्रयोग आप पर ही करूँ.....ये तो सम्पूर्णतया कृतघ्नता हो जाएगी।

मैंने कहा- मैं तो तुम पर शक्ति का प्रयोग करता हूँ फिर तुम क्यों नहीं....

उसका उत्तर सुन मै दंग रह गया 7 उसने कहा- जिसके साथ संसर्ग करने मात्र से मुझमें जीवन उत्पन्न करने की क्षमता आ गई और ईश्वर से भी ऊँचा जो पद आपने मुझे प्रदान किया जिसे माता कहते हैं, उसके साथ मैं विद्रोह नहीं कर सकती। फिर मुझे समझाते हुए उसने कहा कि यदि शक्ति प्रयोग करना भी होगा तो मुझे क्या आवश्यकता... मैं तो माता सीता की भाँति लव-कुश तैयार कर दूँगी, जो आपसे मेरा हिसाब किताब कर लेंगे।

सहस्त्रों नमन है सभी मातृ शक्तियों को, जिन्होंने अपने प्रेम और मर्यादा में समस्त सृष्टि को बाँध रखा है। जय जननी।

# भारतीय राजनीति के गौरव अटल जी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ता 66 पोलिंग बूथों पर एक साथ मनाएंगे

**पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे**

मौं। भारतीय राजनीति के गौरव पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई का 98 वा जन्मदिन 25 दिसम्बर रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं द्वारा अपने 66 बूथ केंद्रों पर एक साथ मनाया जाएगा इसके बाद कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को रविबार सुबह 11 बजे भी अपने अपने बूथ केंद्र के कार्यकर्ताओं के साथ सुनेंगे भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने सभी बूथ अध्यक्षों से अटल जी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाने की अपील की है मौं नगर मैं भाजपा ब्यापारी प्रकोष्ठ जिला सहयोंजक सुरेश कुमार छारी द्वारा अस्पताल में सुबह 10ः00 बजे मरीजों फल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है एवं अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने की अपील की गई है।

# लांजी- रजेगांव से होकर गुजरेगा सिवनी: खैरागढ़-रायपुर नेशनल हाईवे मार्ग

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

क्षेत्र में लगातार सड़को एवं पुलियों के निर्माण एवम विकास को लेकर क्षेत्रीय सुश्री विधायक हिना कावरे द्वारा सतत प्रयास जारी है। इसी के चलते विधान सभा के शीतकालीन सत्र में विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1247 में लोक निर्माण मंत्री

## विधानसभा में विधायक सुश्री हिना कावरे के सवाल पर मिला जवाब

से सवाल किया था की केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार द्वारा जो सिवनी से रायपुर को नेशनल हाईवे से सीधे जोड़ने की जो घोषणा की गयी हैड़ क्या वह हाईवे सिवनी - बालाघाट - रजेगांव-किरनापुर लांजी - खैरागड़- दुर्ग - रायपुर मार्ग होकर जायेगा ड़ यदि नहीं , तो क्या उक्त मार्ग द्वारा सिवनी - रायपुर हाईवे का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जायेगाड़ जिसके जवाब में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा के माध्यम से जवाब दिया गया की केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार द्वारा जो सिवनी से रायपुर को जोड़ने की घोषणा की गई है। जोकि सिवनी, बालघाट, रजेगाव, किरनापुर, लांजी, खैरागढ़ एवं दुर्ग होते हुए रायपुर तक जाएगा।



इसी तरह विधायक सुश्री कावरे के एक अन्य प्रश्न कडता - सर्रा मार्ग पर शासन द्वारा आदेश क्रमांक 2836 / 3441 / 2022 / 19 / दिनांक 16.8.22 द्वारा क्षतिग्रस्त उच्च स्तरीय पुल में 2 स्थान विस्तार मद कार्य का टेण्डर कब तक लगा दिया जायेगएड़ उक्त उच्च स्तरीय पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड जो पूरी तरह खराब हो चुका है , उसे कब तक बना दिया जायेगा। उक्त प्रश्न के जवाब में लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा जवाब दिया गया कि उक्त कार्य का टेण्डर दिनांक 17 अक्टूबर 2022 को लगाया गया है। जिसकी निविदा दिनांक 05 दिसंबर 2022 को स्वीकृत की गई है। कार्य 12 माह ( वर्षाकाल छोड़कर ) की अवधि में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह की सिवनी किरनापुर लांजी होकर रायपुर नेशनल हाईवे की सौगात देने के लिए विधायक सुश्री हिना कावरे ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**मार्ग निर्माण को लेकर स्थिति हुई स्पष्ट**-गत दिनों केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सिवनी रायपुर नेशनल हाईवे की घोषणा की गई थी। जिसको लेकर लोगों के मन में संशय था कि यह मार्ग कही बालाघाट, गोंदिया होते हुए तो नही बनेगा या किसी अन्य दूसरे रूट से जोड़ा तो नही जाएगा। लेकिन विधायक सुश्री हिना कावरे के द्वारा विधानसभा में तारांकित प्रश्न लगाए जाने के उपरांत इसका जवाब मिलते ही स्पष्ट हो गया की उक्त मार्ग का निर्माण रजेगांव, किरनापुर, लांजी, खैरागढ़ होते हुए ही किया जाएगा।

# वीर शहीदों की याद में हुआ दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**





**गोहद** -वीर शहीदों की याद में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे संतोष गोड रवि गौड़ पिंकी गौड़ कुलदीप गौड़ एवं अन्य सहयोगी प्रमोद कामत अनिल भारद्वाज देवी गुर्जर इंदल गुर्जर मयूर पठान धर्मेंद्र परिहार श्याम दीक्षित हरिओम पटेल विवेक जैन शिवजीत परमार गौरव गौरव कोरकू गुलफाम सतेन्द्र सिंह द्वारा आज योगा एंड स्पोर्ट्स क्लब गोहद के द्वारा शहीदों की स्मृति में, सबसे पहले सिक्किम में हुए हादसे में 16 वीर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात दौड़ का आयोजन किया गया।

जिसके विजेता निम्न प्रकार है

100 मीटर दौड़ अंडर-17 पुरुष 1. राहुल नरवरिया 2.मोहित तोमर

200 मीटर दौड़ अंडर-17 पुरुष 1. कृष्णपाल 2.रमाकांत 3.सुमित बघेल

1600 मीटर दौड़ ओपन

1. धर्मवीर सिंह, 2. सुमित तोमर, 100 मीटर दौड़ अंडर- 14 पुरुष 1.विशाल तोमर 2.शांतनु, 200 मीटर दौड़ अंडर - 14 पुरुष, 1. आशीष गुर्जर, 2. मनीष चौहान, 3. विकास तोमर, 100 मीटर दौड़ महिला, 1. काजल 2. रश्मि , साइकिल रेस ओपन, 1.सागर गुर्जर, 2.हर्ष राठौर विजेता रहे

# ग्वालियर गौरव दिवसः सरोद वादक अमजद अली खां एवं भजन साम्राज्ञी अनुराधा पोडवाल की होंगी प्रस्तुति

**ग्वालियर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं ग्वालियर के लाड़ले सपूत श्रृद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस ÷ग्वालियर गौरव दिवस÷ के रूप में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। अटल जी के जन्मदिवस 25 दिसम्बर को शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़ा पर गौरव दिवस के तहत मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर अटल सम्मान एवं ग्वालियर गौरव सम्मान प्रदान किए जायेंगे। गौरव दिवस के आयोजन में विश्व विख्यात सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खां साहब एवं उनके सुपुत्र जनाब अमान अली व अयान अली की प्रस्तुतितियाँ होगी। साथ ही भजन साम्राज्ञी सुश्री अनुराधा पोडवाल एवं उनके साथ आ रहे सारेगामा फेम कलाकारों की प्रस्तुतितियाँ भी होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। समारोह में विख्यात राष्ट्रीय कवि हरिओम पवार को अटल सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। साथ ही 5 विभिन्न विधाओं में ग्वालियर गौरव सम्मान प्रदान किए जाएँगे। गौरव दिवस आयोजन में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन व इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार एवं सभापति मनोज तोमर सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण भी शामिल होंगे।

**अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में शिरकत करेगें देश के प्रख्यात कवि**-अखिल भारतीय कवि सम्मेलन



में देश के प्रख्यात कवियों द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा। कवि सम्मेलन में डॉ. हरिओम पवार मेरठ, विनीत चौहान अलवर, डॉ. प्रवीण शुक्ल दिल्ली, सुश्री पूनम वर्मा मथुरा, दिनेश रघुवंशी फरीदाबाद, सुश्री अंजुम रहबर भोपाल, दिनेश मिश्रा मुंबई, शशीकांत यादव देवास, मदनमोहन दानिश ग्वालियर एवं तेजनारायण बेचैन काव्यपाठ करेंगे।

ग्वालियर गौरव दिवस पर घर-घर करें दीप प्रज्ज्वलन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपील की है कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं ग्वालियर के लाड़ले सपूत भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसंबर को शाम 7.45 बजे ग्वालियरवासी अपने घरों पर रोशनी करें और दीपक जलाएँ। अटल जी का जन्मदिन ग्वालियर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# भोपाल से लौटकर सीधे किलागेट चौराहे का निरिक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर राजधानी भोपाल से लौटकर उप नगर ग्वालियर के निर्माणाधीन विकास कार्यो का जायजा लेने पहुंच गए। ऊर्जा मंत्री तोमर रेल मार्ग से शनिवार 24 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे ग्वालियर पहुंचे और किलागेट पर चल रहे विकास कार्यो का निरिक्षण किया। निरीक्षण के बाद ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान किलागेट में गजक बना रहे मजदूरों को श्रम करते देख वे स्वयं उनकी मदद की एवं गजक कूटी और ऊर्जा मंत्री तोमर ने



घासमंडी क्षेत्र में स?क पर सर्दी में जल रहे अलावा पर उपस्थित जन समूह से बैठकर चर्चा की तथा उनके साथ चाय भी पी। इसके बाद ऊर्जा मंत्री तोमर ने घासमंडी की विभिन्न गलियों, आऊ खाना, कोटेश्वर कॉलोनी में सड़क, पेयजल, विधुत व्यबस्था का निरिक्षण किया और जनता की समस्याओं का निराकरण मोंके पर ही किया।

# 20 साल की टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने की आत्महत्या, टीवी सीरियल के सेट पर ही लगा ली फांसी



सोनी सब टीवी के सीरियल अलीबाबाः दास्तान ए काबुल की लीड अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने शनिवार (24 दिसंबर) को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उन्होंने टीवी सीरियल के सेट पर ही फांसी लगा ली। मामले की जानकारी मिलते ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आई है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि तुनिशा की उम्र महज 20 साल थी। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत की थी और भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप सीरियल से डेब्यू किया था। तुनिशा का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिवाड़ी के अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, तुनिशा इस वक्त सोनी सब टीवी के सीरियल अली बाबाः दास्तान ए काबुल में अहम किरदार निभा रही थीं। वह इस सीरियल में शहजादी मरियम बनी थीं। इसके अलावा वह फितूर, बार-बार देखो, कहानी 2 ः दुर्गा रानी सिंह, दबंग 3 आदि फिल्मों में भी नजर आई थीं। फितूर और बार-बार देखो में तुनिशा ने कटरीना कैफ की किशोरावस्था का किरदार निभाया था। इसके अलावा इंटरनेट वाला लव सीरियल में तनिशा का किरदार काफी पसंद किया गया था। तुनिशा शर्मा काफी खुशमिजाज स्वभाव की थीं और सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती थीं। हमेशा सेट पर खुश रहने वाली तुनिशा के इस तरह से अचानक सुसाइड कर लेने से फैंस के साथ ही इंडस्ट्री के लोग भी सदमे में हैं।

# वार्ड 40 में आयोजित शिविर में 225 हितग्राहियों को मौके पर वितरित किया हितलाभ

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वर्गीय प्रभाकर नारायण केलकर जी की स्मृति में वार्ड 40 में खासगी बाजार चैराहे पर आयोजित जनकल्याणकारी शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 225 हितग्राहियों को मौके पर ही हितलाभ प्रदान किया गया।




जनकल्याणकारी शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सभापति मनोज सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, क्षेत्रीय पार्षद संजय पोतनीस, अनिल सांखला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुधीर गुप्ता, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता, उपायुक्त श्री सुनील चैहान, मुख्य समन्वयक अधिकारी कीर्ति वर्धन मिश्रा, क्षेत्राधिकारी बृज बिहारी चंसोलिया, नोडल अधिकारी जन कल्याण श्रीमती पूर्वी अग्रवाल, महेन्द्र शर्मा एवं निगम कर्मचारी सहित ब?ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न योजनाओं को लेकर लगभग 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 225 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर के दौरान नामांकन का 1, वृद्धावस्था पेंशन के 23, कामकाजी महिला के 57, श्रम पंजीयन के 127, दिव्यांग कार्ड का 1, कल्याणी पेंशन योजना के 3, समग्र आईडी का 7, खाद्यान्न पर्ची के 6 सहित 225 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाकर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।







स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478